राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in



# विशाल इंडिया

वर्ष : 14
अंक : 192
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
शनिवार 07 जून 2025
मूल्य :2 /-

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

RNI No .UPHIN/2014/55236

मुख्य अपडेट
पेज 3 नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास बनेगा हैबिटेट सेंटर
पेज 4 अयोध्या में पीट-पीटकर मां-बेटे की हत्या
पेज 6 आईपीएल के इस सत्र से विराट ने 27 करोड़ से अधिक कमाये

## संक्षिप्त खबरें

### ऑनलाइन सट्टा मामले में ईडी का एक्शन, 760 अकाउंट फ्रीज

नई दिल्ली। ईडी ने 766 म्यूल बैंक खातों और एक दर्जन से अधिक क्रेडिट और डेबिट कार्ड को फ्रीज कर दिया। साथ ही दो लोगों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई आइपीएल और टी20 क्रिकेट विश्व कप मैचों में सट्टेबाजी करने वाले एक रैकेट के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग जांच के दौरान की गई। ईडी ने बंगाल, दिल्ली, बिहार, उत्तर प्रदेश और असम में विभिन्न परिसरों में तलाशी भी ली। म्यूल बैंक खातों का इस्तेमाल अपराधियों द्वारा वास्तविक खाताधारक की सहमति या जानकारी के बिना अवैध धन को वैध करने के लिए किया जाता है।

### सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर शर्मिष्ठा पनोली जेल से रिहा

**कोलकाता।** पैगंबर मुहम्मद के बारे में आपत्तिजनक पोस्ट करने के आरोप में गिरफ्तार हुईं इंटरनेट मीडिया एंफ्लुएंसर व कानून विषय की छात्रा शर्मिष्ठा पनौली को कलकत्ता हाई कोर्ट से जमानत मिलने के एक दिन बाद शुक्रवार को अलीपुर महिला जेल से रिहा कर दिया गया। शर्मिष्ठा को कोलकाता पुलिस की टीम ने गत 30 मई को गुडगांव से गिरफ्तार किया था। वहां से उन्हें ट्रांजिट रिमांड पर कोलकाता लाकर निचली अदालत में पेश किया गया था, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। तब से वह जेल में थीं। उनके विरुद्ध वजाहत खान कादरी रशीदी नामक व्यक्ति ने गत 15 मई को कोलकाता के गार्डेनरीच थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

# माल्या का दावा-जेटली को बताकर जेनेवा गया था

## पासपोर्ट रद्द हुआ तो लौट नहीं पाया, भगोड़ा नहीं हूं, निष्पक्ष जांच हो तो वापसी को तैयार

एजेंसी



**नई दिल्ली।** भगोड़े कारोबारी विजय माल्या ने दावा किया, देश छोड़ने से पहले वो तत्कालीन वित्त मंत्री अरुण जेटली से मिले और उनसे कहा कि वो एक बैठक के लिए जेनेवा जा रहा हैं और वापस आएंगे।

लेकिन उनका पासपोर्ट निरस्त कर दिया गया, जिसके कारण वो वापस नहीं आ पाए।

माल्या ने खुद को चोर कहे जाने पर कहा कि मुझे भगोड़ा कह रहे हैं, लेकिन मैं भागा नहीं। मैं तय कार्यक्रम के तहत विदेश गया और वापस नहीं आया, क्योंकि मेरे पास सही वजहें थीं। लेकिन मुझे चोर क्यों कहा जा रहा है? चोरी कहां हुई?

वहीं, उन्होंने किंगफिशर एयरलाइंस की नाकामी पर पहली बार सार्वजनिक माफी मांगी है।

उन्होंने कहा, मैं किंगफिशर एयरलाइंस की विफलता के लिए सभी से माफी मांगता हूं। माल्या ने यह बयान बिजनेसमैन राज शमानी के साथ पॉडकास्ट में दिए हैं। जो कि शुक्रवार को रिलीज किया गया है। ये पॉडकास्ट 4 घंटे लंबा है।

कारोबारी और पूर्व सांसद विजय माल्या किंगफिशर एयरलाइंस से जुड़ी वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों के बीच 2016 में भारत से च भाग गए थे। 5 जनवरी 2019 में विजय माल्या को भगोड़ा घोषित किया गया।

# 20 दिन में कोरोना केस 93 से 5364 हुए

## 55 मौतें, 24 घंटे में 500 नए मामले; ओडिशा के स्कूलों में मास्क अनिवार्य

**नई दिल्ली/ मुंबई/ बेंगलुरु/ तिरुवनंतपुरम।** देश में कोरोना वायरस के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक, पिछले 20 दिन में केसों की संख्या में 58 गुना की बढ़ोतरी हुई है। 16 मई को देशभर में कोविड के 93 एक्टिव केस थे, जिनकी संख्या अब 5364 पहुंच गई है।

कोरोना 29 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में फैल गया है। बीते 24 घंटे में 500 नए मामले सामने आए हैं। केरल में सबसे ज्यादा 1679 मामले हैं। इसके बाद गुजरात में 615, पश्चिम बंगाल में 596, दिल्ली में 592 और महाराष्ट्र में 548 एक्टिव केस हैं।

कोरोना के नए वैरिएंट्स से जनवरी से अब तक 55 मौतें हो चुकी हैं। इनमें से 53 की मौत 15 दिनों में हुई हैं। गुरुवार को दिल्ली में कोविड से दो और मौतें दर्ज की गईं।

इनमें एक पांच महीने का बच्चा भी शामिल है। वहीं, केरल में 2, कर्नाटक और पंजाब में 1-1 मौत हुई है। महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा 17 मरीजों ने जान गंवाई है। ओडिशा में गर्मी की छुट्टियों के बाद स्कूल कोविड गाइडलाइन के तहत खोले गए हैं। शिक्षा मंत्री नित्यानंद गोंड ने बताया कि जिन बच्चों को सर्दी, खांसी या बुखार जैसे हल्के लक्षण हैं, उन्हें स्कूल में मास्क पहनना अनिवार्य है। गंभीर लक्षण वाले बच्चों को घर पर ही रहकर आइसोलेट होने की सलाह दी गई है।




### कोरोना को लेकर राज्यों में मॉक ड्रिल हुई

केंद्र सरकार गुरुवार को देश भर के राज्यों के चुनिंदा अस्पतालों में मॉक ड्रिल हुई। इस दौरान इन अस्पतालों में ऑक्सीजन सप्लाई, जरूरी दवाओं की स्थिति और वेंटिलेटर की व्यवस्थाओं को परखा गया। इससे बनी रिपोर्ट में कोरोना की चौथी लहर आने की स्थिति में अस्पतालों की तैयारियों पर रेटिंग दी जाएगी। इससे पहले 2 जून को एक शुरुआती मॉक ड्रिल हुई थी। इसमें हेल्थ सर्विस इन्फ्रास्ट्रक्चर की उपलब्धता के लिए अस्पतालों की रेटिंग दी गई थी। इसमें लिक्विड मेडिकल ऑक्सीजन टैंक, प्रेशर स्विंग एडजॉर्पशन प्लांट और मेडिकल गैस पाइपलाइन सिस्टम पर फोकस किया गया था।

# बेंगलुरु भगदड़- विराट कोहली के खिलाफ शिकायत

## आरसीबी के मार्केटिंग हेड को 14 दिन की न्यायिक हिरासत



**बेंगलुरु।** बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर 4 जून को भगदड़ मामले में क्रिकेटर विराट कोहली के खिलाफ कब्बन पार्क पुलिस स्टेशन में शिकायत की गई है। सोशल एक्टिविस्ट एच.एम. वेंकटेश ने अपनी कम्प्लेन में कोहली को हादसे के लिए जिम्मेदार ठहराया है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि अभी तक कोहली के खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं की गई है। अब तक रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, इवेंट मैनेजमेंट कंपनी डीएनए एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड और कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

आरसीबी और इवेंट मैनेजमेंट कंपनी के चार अधिकारियों को गिरफ्तार भी किया गया है। कोर्ट ने सभी को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा है।

कर्नाटक हाईकोर्ट ने कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के अधिकारियों को 16 जून तक गिरफ्तार से राहत दी है।

कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन ने बेंगलुरु में 4 जून को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाड़ियों के लिए विक्ट्री परेड की इजाजत मांगी थी। कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन ने इस संबंध में राज्य सरकार को 3 जून को लेटर लिखा था।

### शिवकुमार बोले- पीड़ितों को न्याय दिलाने की पूरी कोशिश की

इधर, विपक्ष की तरफ से लगातार इस्तीफे की मांग पर कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने कहा कि हमारी सरकार ने केस दर्ज किया। विपक्ष न्यायिक जांच की मांग कर रहा था।

हमने उसके भी आदेश दिए। अफसरों को सस्पेंड किया। सरकार और क्या कर सकती है।

# बाबा सिद्दीकी हत्याकांड का मास्टरमाइंड कनाडा में अरेस्ट

**जालंधर।** एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी हत्याकांड के मास्टरमाइंड जीशान अख्तर उर्फ जस्सी पुरेवाल को कनाडा की सरी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। अभी तक यह साफ नहीं हो पाया है कि गिरफ्तारी किस केस में हुई है।

12 अक्टूबर 2024 की रात को बाबा सिद्दीकी की मुंबई में उनके बेटे जीशान सिद्दीकी के ऑफिस के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्या की जिम्मेदारी गैंगस्टर लॉरेंस गैंग ने ली थी। गैंग ने दावा किया था कि बाबा सिद्दीकी बॉलीवुड स्टार सलमान खान के करीबियों में था। इसी वजह से उसे मारा।

पुलिस जांच में सामने आया था कि सिद्दीकी की हत्या का मास्टरमाइंड जालंधर का रहने वाला जीशान अख्तर है। जब शूटर्स ने सिद्दीकी को गोलियां मारी तो वह मौके पर मौजूद था। हत्या के बाद वह विदेश भाग गया था। तब दावा किया गया था कि उसे भगाने में पाकिस्तानी डॉन शहजाद भट्टी ने मदद की थी। हाल ही में लॉरेंस गैंग ने जीशान से पल्ला झाड़ते हुए उसे मारने की धमकी दी थी।

## तत्काल टिकट फ्रॉड रोकने के लिए आईआरसीटीसी का बड़ा एक्शन

# 2.5 करोड़ से ज्यादा अकाउंट बैन

नई दिल्ली। तत्काल टिकट बुक करने वाले लोगों की एक शिकायत बेहद आम है कि बुकिंग शुरू होने के लिए 1 मिनट के अंदर ही सारी टिकटें बिक जाती हैं। आईआरसीटीसी ने अब इस शिकायत के बाद बड़ा एक्शन लिया है। आईआरसीटीसी ने ऐसे करीब 2.5 करोड़ यूजर आईडी को ब्लॉक कर दिया है, जिन पर तत्काल बुकिंग फ्रॉड में शामिल होने का शक था। इतना ही नहीं, करीब 20 लाख आईडी को वैरिफिकेशन के तहत रखा गया है। आईआरसीटीसी लंबे समय से इन पर एक्शन लेने की तैयारी कर रही थी।

### 2.9 लाख पीएनआर पर नजर

टिकट धोखाधड़ी पर लगाम लगाने के लिए आईआरसीटीसी लगातार बुकिंग पर नजर बनाए हुए थी। बुकिंग विंडो ओपन होने के 5 मिनट के भीतर बुक होने वाले 2.9 लाख पीएनआर को भी जांच के दायरे में रखा गया है। आईआरसीटीसी ने करीब 6800 डिस्पोजेबल ईमेल डोमेन को ब्लॉक कर दिया है, जिनका इस्तेमाल बुकिंग फ्रॉड में किया जा रहा था। आईआरसीटीसी ने पाया कि जालसाजों ने तत्काल बुकिंग कर उसी टिकट पर यात्रियों को महंगे दामों पर बेचा।

# बीजापुर में मुठभेड़... 45 लाख का इनामी नक्सली ढेर



**एक दिन पहले 1 करोड़ का इनामी सुधाकर भी मारा गया, दंतेवाड़ा में 7 नक्सलियों का सरेंडर**

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों ने 45 लाख रुपए के इनामी नक्सली भास्कर (45 साल) को भी मार गिराया है। दोनों तरफ से भारी गोलीबारी हुई। जवानों ने भास्कर के शव के साथ ही ऑटोमैटिक हथियार भी बरामद किए हैं। मुठभेड़ इंद्रावती नेशनल पार्क इलाके में हुई।

भास्कर मंचेरियल कोमाराम भीम (एमकेबी) डीवीसी का सदस्य और सचिव था। आंध्रप्रदेश के आदिलाबाद का रहने वाला था। इसके पहले 1 करोड़ का इनामी नक्सली सुधाकर भी मारा गया है। सुधाकर नक्सलियों के शिक्षा विभाग का इंचार्ज था। आंधप्रदेश के चिंतापालुदी गांव का रहने वाला था।

वहीं दंतेवाड़ा में 2 इनामी समेत 7 नक्सलियों ने सरेंडर किया है। इनमें जुगलू उर्फ सुंडुम कोवासी (50 हजार इनामी), दशा उर्फ बुरकू पोड़ियाम (50 हजार इनामी), भोजा राम माड़वी, लखमा उर्फ सुती उर्फ लखन मरकाम, रातू उर्फ ओठे कोवासी, सुखराम पोड़ियाम और पंडरू राम पोड़ियाम शामिल हैं।

### नक्सलियों के प्रेस इंचार्ज की भी थी मौजूदगी


मिली जानकारी के मुताबिक फोर्स सर्चिंग पर निकली थी। इसी दौरान घात लगाए बैठे नक्सलियों ने जवानों पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में जवानों ने भी गोलीबारी की। बताया जा रहा है कि तेलंगाना स्टेट कमेटी में नक्सलियों के प्रेस इंचार्ज बंडी प्रकाश समेत बड़े स्तर के नक्सलियों की मौजूदगी भी थी।

इस दौरान मुठभेड़ में 2 नक्सली मारे गए, जिससे सुधाकर की डेडबॉडी को जवानों ने बरामद कर लिया था। वहीं भास्कर का शव आज मिला है। उसके पास से हथियार भी मिले हैं, जिन्हें जवानों ने जब्त कर लिया है।



## हैप्पी मॉर्निंग


गर्लफ्रेंड- जानू मेरे सिर में बहुत दर्द है
बॉयफ्रेंड ने लड़की के सिर को चूमते हुए पूछा- अब सही हुआ बेबी?
गर्लफ्रेंड- हां, अब बिल्कुल सही हो गया
पास में ही खड़ा एक डॉक्टर ये सब देख रहा था
डॉक्टर मन ही मन में भुनभुनाते हुए बोला-
लानत है मेरी एमबीबीएस की डिग्री पर......



## शायरी

जातिवाद का जहर घोल दिया
इंसानों ने इंसानों की परिपाटी में,
एक दिन सभी को मर कर
मिल जाना है इस माटी में।

## अर्थसार



सेंसेक्स:
82,188.99
+746.95 (0.92%)
निफ्टी:
25,003.05
+252.15

## मौसम



अधिकतम : 38 डिग्री से0
न्यूनतम : 28 डिग्री से0
सूयोदय रविवार : 5 : 25
सूर्यास्त शनिवार : 7 : 16

# बिहार समेत 8 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट

## असम में 7 लाख लोग बाढ़ प्रभावित, 21 मौतें; एमपी-राजस्थान में आंधी-बारिश की चेतावनी





**नई दिल्ली।** मौसम विभाग ने शुक्रवार को बिहार समेत पूर्वोत्तर के 7 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। वहीं, 17 राज्यों में आंधी-तूफान के साथ बारिश की संभावना जताई गई है। पश्चिमी राजस्थान, तमिलनाडु और पुडुचेरी में गर्मी-उमस की आशंका है।

राजस्थान के 8 जिलों में आज बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। 12 जिलों में गुरुवार को भी तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। वहीं, मध्य प्रदेश में शुक्रवार को लगातार 42 वें दिन आंधी-बारिश का अलर्ट है। भोपाल-इंदौर समेत 45 जिलों में तेज आंधी के साथ बारिश होने की संभावना है।

इधर, देश के पूर्वोत्तर राज्यों में गुरुवार को लगातार बारिश से बाढ़ और लैंडस्लाइड के हालात बने रहे। असम के 21 जिलों में करीब 7 लाख लोग प्रभावित हैं।

बाढ़-भूस्खलन में मरने वालों की संख्या बढ़कर 21 हो गई है। वहीं, भूस्खलन से प्रभावित उत्तरी सिक्किम के चाटेन से 63 लोगों को हेलिकॉप्टर से रेस्क्यू किया गया। 64 लोग अब भी फंसे हैं।

उधर, बर्फबारी के कारण हिमाचल प्रदेश में धौलाधार पर्वत श्रृंखलाओं में तापमान में भारी गिरावट आई है। धर्मशाला में तापमान 16 डिग्री दर्ज किया गया। मानसून महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ बॉर्डर तक पहुंच चुका है। इसने अब तक 18 राज्यों में दस्तक दी है। 10 जून तक मध्य प्रदेश पहुंच सकता है।।

### उद्धव ने राज ठाकरे के साथ आने के संकेत दिए

**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने शुक्रवार को अपने चचेरे भाई राज ठाकरे के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के साथ गठबंधन के संकेत दिए। उद्धव ने गठबंधन की ताजा अटकलों के बीच कहा कि महाराष्ट्र की जनता जो चाहेगी, वही होगा। हालांकि, उद्धव ठाकरे ने इस सवाल को टाल दिया कि क्या उनकी पार्टी और मनसे के बीच किसी तरह की बातचीत चल रही है। उन्होंने कहा कि गठबंधन को लेकर दोनों पार्टियों के कार्यकर्ताओं के मन में कोई भ्रम नहीं है। राज ठाकरे ने 2006 में शिवसेना से अलग होकर मनसे बनाई थी। महाराष्ट्र में इस साल सितंबर तक निकाय चुनावों होने की संभावना है।

# दलाई लामा की पेंटिंग नीलाम

## 1.52 करोड़ में बिकी, कृष्ण कंवल ने 1940 में बनाई थी

**धर्मशाला।** लंदन में आयोजित एक नीलामी में भारतीय कलाकार कृष्ण कंवल द्वारा बनाई गई 14वें दलाई लामा की दुर्लभ तस्वीर 1.52 करोड़ रुपए में बिकी है। यह चित्र ब्रिटिश अधिकारी सर बेसिल गोल्ड के संग्रह का हिस्सा था। तस्वीर में 22 फरवरी 1940 को ल्हासा में आयोजित एक ऐतिहासिक क्षण को दर्शाया गया है। इस दिन चार वर्षीय तेनजिन ग्यात्सो को तिब्बत के सर्वोच्च धार्मिक नेता के रूप में प्रतिष्ठित किया गया था।

यह कलाकृति 40 मूल जलरंगों की एक दुर्लभ श्रृंखला का हिस्सा है। इस श्रृंखला में तिब्बती दरबार, वहां के गणमान्य लोग और सांस्कृतिक झलकियों का चित्रण किया गया है। पूरी श्रृंखला की पेंटिंग्स 4.57 करोड़ रुपए में बिकीं। नीलामी में सर बेसिल



गोल्ड का निजी फोटो संग्रह भी शामिल था। यह नीलामी 5 जून को हुई। इसमें ल्हासा में 1936-37 के ब्रिटिश मिशन की 1,500 से अधिक दुर्लभ तस्वीरें थीं। इन तस्वीरों को सात अलग-अलग एल्बम में संजोया गया था। यह फोटो संग्रह 57 लाख रुपये में बिका। नीलामी में तिब्बती पांडुलिपियां और दुर्लभ पुस्तकें भी थीं। 14वें दलाई लामा की मान्यता और सिंहासनारोहण पर सर बेसिल की 1941 की रिपोर्ट 14 लाख रुपये में बिकी।

**ब्याज दर**

## 20 साल में 20 लाख के लोन पर करीब 1.48 लाख का फायदा

# लोन सस्ते होंगे, आरबीआई ने ब्याज दर 0.50 प्रतिशत घटाई

मुंबई। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया बैंकों को दिए जाने वाले कर्ज की दर यानी रेपो रेट में 0.50 प्रतिशत की कटौती की है। अब रेपो रेट 5.50त्न रह गया है। इससे बैंकों को आरबीआई से कम ब्याज पर कर्ज मिलेगा।

ब्याज में इस कटौती को बैंक अपने ग्राहकों को ट्रांसफर करते हैं, तो आने वाले दिनों में लोन सस्ते हो सकते हैं। लोन सस्ते होने पर लोगों की मौजूदा ईएमआई भी घट जाएगी।

ब्याज दरों में कटौती का फैसला मॉनीटरी पॉलिसी कमेटी की 4 से 6 जून तक चली मीटिंग में लिया गया। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने आज 6 जून की सुबह इसकी




जानकारी दी।

### ब्याज में कटौती का असर उदाहरण से समझें

आरबीआई जिस रेट पर बैंकों को लोन देता है उसे रेपो रेट कहते हैं। महंगाई कंट्रोल करने के लिए इसे बढ़ाया-घटाया जाता है।

ताजा कटौती के बाद 20 साल के लिए लिए गए 20 लाख के लोन पर करीब 1.48 लाख का फायदा मिलेगा। इसी तरह 30 लाख के लोन पर 2.22 लाख का फायदा होगा। नए और मौजूदा ग्राहकों दोनों को इसका फायदा मिलेगा।

### इस साल 3 बार घटा रेपो रेट, 1 प्रतिशत की कटौती हुई

आरबीआई ने फरवरी में हुई मीटिंग में ब्याज दरों को 6.5 प्रतिशत से घटाकर 6.25 प्रतिशत कर दिया था। मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी की ओर से ये कटौती करीब 5 साल बाद की गई थी।

दूसरी बार अप्रैल में हुई मीटिंग में भी ब्याज दर 0.25 प्रतिशत घटाई गई। अब तीसरी बार दरों में कटौती हुई है। यानी, मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी ने तीन बार में ब्याज दरें 1त्न घटाई हैं।

### रेपो रेट के घटने से हाउसिंग डिमांड बढ़ेगी

रेपो रेट घटने के बाद बैंक भी हाउसिंग और ऑटो जैसे लोन्स पर ब्याज दरें कम करते हैं। ब्याज दरें कम होने पर हाउसिंग डिमांड बढ़ेगी। ज्यादा लोग रियल एस्टेट में निवेश कर सकेंगे। इससे रियल एस्टेट सेक्टर को बूस्ट मिलेगा।

त्रेहान आइरिस के एक्जिक्यूटिव डायरेक्टर अमन त्रेहान ने कहा कि आरबीआई द्वारा रेपो दर में 0.50 प्रतिशत की कटौती करके 5.5 प्रतिशत करना रियल एस्टेट क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण बढ़ावा है। इससे होम लोन सस्ते हो जाएंगे और खासकर लक्जरी सेगमेंट में खरीदारों का भरोसा बढ़ेगा। इसके अलावा कैश रिजर्व रेश्यो में 1 प्रतिशत की कटौती की है, इससे लिक्विडिटी में सुधार होगा, जिससे बैंक उपभोक्ताओं को अधिक प्रभावी ढंग से लाभ पहुँचा सकेंगे। इन उपायों से घरों की मांग को बढ़ावा मिलने, बिना बिके स्टॉक को कम करने और नई परियोजनाएँ शुरू करने को प्रोत्साहन मिलने की उम्मीद है।

# नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास बनेगा हैबिटेट सेंटर

## अंतरराष्ट्रीय स्तर की हो सकेंगी बैठक, होंगे कल्चरल कार्यक्रम

**नोएडा।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास हैबिटेट सेंटर और कन्वेंशन सेंटर को बनाया जाएगा। इसके लिए जमीन खरीदने की प्रक्रिया को तेज कर दिया गया है। सेक्टर-5 और नौ में जमीन अधिग्रहण के लिए 27 किसानों की सूची का प्रकाशन किया है।




### 40 एकड़ जमीन की जा रही चिह्नित

यमुना प्राधिकरण का सेक्टर-9 एयरपोर्ट के काफी नजदीक है। यहां पर प्राधिकरण की हैबिटेट और कन्वेंशन सेंटर को विकसित करने की तैयारी है। सेक्टर-9 में 25 एकड़ में हैबिटेट और 15 एकड़ में कन्वेंशन सेंटर बनेगा। यहां पर अंतरराष्ट्रीय स्तर की बैठकें, कॉन्फ्रेंस समेत अन्य विभिन्न आयोजन किए जा सकेंगे। नोएडा एयरपोर्ट और फिल्म सिटी को देखते हुए इनकी जरूरतों को महसूस किया गया।

### पांच औद्योगिक पार्क होंगे विकसित

सेक्टर-5 में अनाथालय, बाल गृह और वृद्धाश्रम विकसित किए जाने हैं, इसके लिए प्राधिकरण को करीब 382 हेक्टेयर जमीन अधिग्रहीत करनी है। इस क्रम में ही गुरुवार को प्राधिकरण ने सेक्टर-5 और नौ को विकसित करने के लिए जमीन खरीद की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया।

साथ ही आकलपुर गांव में किसानों की सूची का भी प्रकाशन किया। बता दें कि आकलपुर की जमीन सेक्टर-10 के अंतर्गत आ रही है। जहां पर पांच औद्योगिक पार्कों को विकसित किया जाना है। एयरपोर्ट शुरू होने के बाद शहर में तेजी से औद्योगिक गतिविधियां बढ़ेंगी।

## दीवार गिरने के मामले में कंपनी पर केस

**ग्रेटर नोएडा।** सेक्टर ईकोटेक-1 कोतवाली क्षेत्र में गुरुवार को कंपनी में बेसमेंट के निर्माण कार्य के दौरान दीवार गिरने से तीन मजदूरों की मौत के मामले में पुलिस ने कंस्ट्रक्शन कंपनी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। परिजनों ने कंस्ट्रक्शन कंपनी के मालिक पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है। सेक्टर ईकोटेक-1 कोतवाली क्षेत्र में गुरुवार की शाम कंपनी के बेसमेंट के निर्माण के दौरान पड़ोसी कंपनी की दीवार गिर गई थी। इस हादसे में महिला मजदूर अनीता, मालती और उसके पति पुष्पेंद्र की मौत हो गई थी। हादसे में दो मजदूर घायल हुए थे, जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है।मजदूर पुष्पेंद्र के भाई आसाराम ने इस मामले में कंस्ट्रक्शन कंपनी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। परिजनों का आरोप है कि कंपनी मालिक की लापरवाही की वजह से हादसा हुआ। मजदूरों के लिए बेसमेंट में निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा व्यवस्था नहीं थी। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि आसाराम की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# बिहार में मां-बेटी की हत्या का आरोपी नोएडा से गिरफ्तार

**नया गांव में छिपा था आरोपी, 29 मई को की थी हत्या, ट्रांजिट रिमांड पर ले गई पुलिस**



**नोएडा।** बिहार के रोहतास जिले के नोखा में सास और उसकी दो बेटियों पर बलकटी से जानलेवा हमला करने वाले आरोपी को नोएडा में फेज-2 पुलिस की मदद से गिरफ्तार किया गया।

इस हमले में महिला और उसकी एक बेटी की मौत हो गई थी। एक गंभीर रूप से घायल हालत में अस्पताल में भर्ती है। आरोपी की गिरफ्तारी हाल में ही पुलिस की ओर चलाए गए डोर टू डोर वेरिफिकेशन कैंपेन के चलते हो पाई। नयागांव से गिरफ्तार होने के बाद बिहार के नोखा थाने की पुलिस आरोपी को ट्रांजिट रिमांड पर साथ लेकर गई हैं।

### हत्या कर नोएडा भाग आया था

जानकारी के अनुसार 29 मई को बिहार के रोहतास जिले के नोखा थाना क्षेत्र में सरस्वती उनकी दो बेटी रूपाली और अमृता पर हमला हुआ था। जिसमें सरस्वती और रूपाली की मौत हो गई थी।

इस हत्या का आरोप उनके दामाद नाजिम हुसैन उर्फ रवि चौधरी पर था। आरोपी वारदात के बाद नोएडा में आकर छिप गया। यही उसका घर है। इसी के आधार पर बिहार से पुलिस टीम उसे तलाशते हुए नोएडा के फेज-2 थाने पहुंची थी।

### प्रॉपर्टी का है विवाद

जानकारी के अनुसार इस मामले में बिहार पुलिस आरोपी से पूछताछ करेगी, लेकिन प्राथमिक जांच के बाद सामने आया है।

नाजिम की सास की 8 बेटी और एक बेटा था। बेटा 4 साल की उम्र में संदिग्ध हालत में लापता हो गया जोकि अभी तक नहीं मिला।

## शार्ट न्यूज

### महिला मित्र से परेशान युवक नहर में कूदा

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर में 21 मार्च को एक युवक ने खेरली नहर में कूदकर जान दे दी। मृतक की पहचान बुलंदशहर के सिकंद्राबाद निवासी सचिन (22) के रूप में हुई। वह कासना स्थित एक फैक्ट्री में काम करता था। सचिन की मां नीलम रानी ने बताया कि उनके बेटे की दोस्ती संभल की रहने वाली रूबी कुमारी से हुई थी। दोनों के बीच कुछ समय तक अच्छी बातचीत होती रही। परिजनों का आरोप है कि बाद में रूबी ने सचिन को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। इसी प्रताड़ना से तंग आकर सचिन ने आत्महत्या कर ली। घटना के बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। मृतक के परिजन तब से आरोपी युवती के खिलाफ केस दर्ज कराने के लिए अधिकारियों के कार्यालय के चक्कर लगा रहे थे। शुक्रवार को वरिष्ठ अधिकारियों के आदेश पर पुलिस ने रूबी के खिलाफ मामला दर्ज किया। दनकौर कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने कहा कि मामले की जांच कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### प्लॉट बेचने का झांसा देकर बुजुर्ग से धोखाधड़ी

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर में एक बुजुर्ग के साथ प्लॉट बेचने के नाम पर धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पीपलका सूरतपुर गांव के रहने वाले समय सिंह से उनके रिश्तेदार सुजीत ने दिसंबर 2023 में प्लॉट बेचने का प्रस्ताव रखा। समय सिंह ने सुजीत के बैंक खाते में 16 लाख 71 हजार रुपये ट्रांसफर कर 1390 वर्ग मीटर प्लॉट का एग्रीमेंट करा लिया। जुलाई 2024 में पता चला कि सुजीत ने उसी प्लॉट का 1003 वर्ग मीटर हिस्सा दिल्ली निवासी मधु और यतेंद्र को 10 लाख 62 हजार रुपये में बेच दिया है। जब समय सिंह ने अपने रुपये वापस मांगे तो सुजीत ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी। स्थानीय पुलिस से मदद न मिलने पर पीड़ित ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने शुक्रवार को सुजीत, उसकी पत्नी और दो अन्य लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। दनकौर कोतवाली पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### सार्वजनिक स्थान पर भंडारे के लिए अनुमति लेनी होगी

**नोएडा।** शहर में सार्वजनिक स्थानों और मुख्य मार्गों पर अब भंडारा, जलपान और प्याऊ आदि लगाने के लिए नोएडा प्राधिकरण से अनुमति लेनी होगी। सिंगल यूज प्लास्टिक पर रोक लगाने और गंदगी को फैलने से रोकने के लिए यह निर्णय लिया गया है। नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ संजय खत्री ने बताया कि शहर को स्वच्छ बनाने के लिए नोएडा प्राधिकरण लगातार प्रयास कर रहा है। इसके लिए शहर के लोगों की भी भागीदारी की जरूरत है। लगातार सामने आ रहा है कि आम लोग एवं विभिन्न सामाजिक संस्थाओं की ओर से शहर के सार्वजनिक और मुख्य स्थानों पर भंडारा, जलपान एवं प्याऊ आदि का आयोजन किया जा रहा है।इन आयोजन में अधिकांश रूप से सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल किया जाता है। इसके अलावा डस्टबिन का इस्तेमाल नहीं किया जाता है। इससे गंदगी फैलती है और पर्यावरण को नुकसान पहुंचता है। एसीईओ ने कहा कि प्राधिकरण सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ लगातार अभियान चला रहा है। ऐसे में भंडारे आदि में इसका इस्तेमाल प्राधिकरण की कोशिशों को कामयाबी नहीं होने दे रहा है।

### छत का हिस्सा गिरने से तीन घायल

**ग्रेटर नोएडा।** जेवर कोतवाली क्षेत्र के मुकीमपुर सिवारा गांव में शुक्रवार को एक निर्माणाधीन मकान की शटरिंग हटाते समय हादसा हो गया। छत का कुछ हिस्सा टूटकर नीचे गिर गया। इसकी चपेट में आने से तीन मजदूर घायल हुए, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। जेवर कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक दयानतपुर बंबा रोड मुकीमपुर सिवारा गांव के पास भूरा सिंह के मकान का निर्माण कार्य चल रहा है। पुलिस के मुताबिक करीब पांच दिन पहले मकान की दूसरी मंजिल पर लेंटर डाला गया था।शुक्रवार को तीन मजदूर मकान पर पहुंचे और वहां लगी शटरिंग को निकालने लगे। शटरिंग निकालते समय छत का कुछ हिस्सा टूटकर नीचे गिर गया। इस हादसे में अमन, सिराजुद्दीन और अजरुद्दीन निवासीगण नगला जाहनू घायल हो गए। ग्रामीणों ने तीनों को तुरंत नजदीक के एक अस्पताल पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी को छुट्टी दे दी गई। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि इस घटना में मजदूरों को हल्की-फुलकी चोट आई थी। किसी ने कोई शिकायत नहीं की है। यदि कोई शिकायत मिलती है तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### ग्रेनो के बाजारों को अतिक्रमण मुक्त करने की तैयारी

**ग्रेटर नोएडा।** जगत फार्म, रामपुर, अमृतपुरम और तुगलपुर सहित ग्रेटर नोएडा की विभिन्न बाजारों को जल्द अतिक्रमण मुक्त किया जाएगा। सेक्टरों के अंदर अवैध रूप से लगने वाली रेहड़ी व ठेली को भी हटाया जाएगा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण द्वारा विशेष अभियान चलाया जाएगा। सेक्टर अल्फा-टू से इसकी शुरूआत हो गई है। बाजारों को अतिक्रमण किए जाने में पुलिस का भी सहयोग लिया जाएगा। सेक्टर के अंदर स्थाई दुकानों के सामने और सड़क के किनारे अतिक्रमण होने से जाम की समस्या पैदा हो जाती है। प्राधिकरण की टीम सर्वेक्षण कर अवैध रूप से लगने वाली दुकानों को चिन्हित करेगी। दरअसल ग्रेटर नोएडा की प्रमुख बाजारों में शामिल जगत फार्म, रामपुर, अमृतपुरम, तुगलपुर और कासना में अतिक्रमण की समस्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है।फुटपाथ पर और स्थाई दुकानों के सामने रेहड़ी व ठेली की बढ़ती संख्या से जाम की समस्या पैदा होने लगी है। साथ ही लोग इधर उधर गाड़ी खड़ी कर देते हैं। यही नहीं सेक्टर अल्फा, बीटा, गामा, डेल्टा आदि सेक्टरों के अंदर भी अतिक्रमण की समस्या बढ़ती जा रही है।

### दुकान में ग्राहक बनकर आए कपड़े-जूते चुराए

**ग्रेटर नोएडा।** बिसरख कोतवाली क्षेत्र की एक कॉलोनी में स्थित एक दुकान में ग्राहक बनकर पहुंचे चोरों ने कपड़े, जूते, चप्पल आदि सामान चोरी कर लिया। इसके बाद चोर ऑटो में बैठकर फरार हो गए। दुकानदार ने एक चोर को पकड़कर पुलिस के सुपुर्द किया। चिपियाना बुजुर्ग स्थित पंचशील कॉलोनी में सतीश चंदेला अपने परिवार के साथ रहते हैं। कॉलोनी में उनकी कपड़ों की दुकान है। पीड़ित ने बताया कि मंगलवार को वह और उनका बेटा दुकान में बैठे थे। इस बीच ऑटो से चार महिलाएं और दो पुरुष ग्राहक बनकर दुकान पर पहुंचे। महिलाओं ने दुकानदार बाप-बेटे को बातों में उलझा कर कपड़े, जूते, चप्पल आदि सामान चोरी कर लिया। इसके बाद चोरी किए गए सामान को ऑटो में रखकर वहां से फरार हो गए। दुकानदार को संदेह हुआ तो उसने पड़ोसी की दुकान पर लगे सीसीटीवी की फुटेज देखी। इसमें पता चला की दुकान से सामान चोरी किया गया है। सीसीटीवी फुटेज के जरिए दुकानदार ने एक चोर को पहचान लिया। इसके बाद चोर को पकड़ा और उसके पास से चोरी किए गए कपड़े बरामद हुए। पकड़े गए चोर को पुलिस के सुपुर्द किया गया है। कोतवाली पुलिस का कहना है कि घटना में शामिल चोरों को गिरफ्तार कर चोरी किया गया सामान बरामद किया जाएगा।

### मायचा गांव के लीजबैक प्रकरणों पर सुनवाई

**ग्रेटर नोएडा।** जमीन अधिग्रहण से प्रभावित किसानों के लीज बैक प्रकरणों को निस्तारित करने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण द्वारा लगातार सुनवाई की जा रही है। प्राधिकरण के ओएसडी गिरीश कुमार झा, जितेंद्र गौतम और राम नयन सिंह ने शुक्रवार को मायचा गांव के 26 प्रकरणों पर सुनवाई की। किसानों का पक्ष सुनने के बाद उनसे साक्ष्य प्राप्त किए गए। ओएसडी भूलेख गिरीश कुमार झा ने बताया कि किसानों की मांग पर लीज बैक के प्रकरणों को निस्तारित करने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की आबादी व्यवस्थापन के लिए बनी समिति द्वारा सुनवाई की जा रही है। सुनवाई बीते 24 मार्च से शुरू हुई है।तय कार्यक्रम के अनुसार ग्रामवार सुनवाई की जा रही है। बता दें कि इस नियम के तहत उस जमीन की लीज बैक की जाती है,जो आबादी की जमीन होती है और उस पर किसान का कब्जा होता है। प्राधिकरण द्वारा उक्त जमीन अधिग्रहण कर लिए जाने पर मुआवजा की राशि वापस प्राधिकरण के खाते में जमा कराकर जमीन किसान के नाम कर दी जाती है।

# नोएडा के गलगोटिया यूनिवर्सिटी में छात्र पर हमला

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के गलगोटिया यूनिवर्सिटी में बी फार्मा के एक छात्र पर साथी छात्रों ने हमला कर दिया। घटना दनकौर कोतवाली क्षेत्र की है। पीड़ित छात्र स्पर्श गोरखपुर का रहने वाला है।

शुक्रवार को यूनिवर्सिटी से पढ़ाई के बाद स्पर्श अपने फ्लैट की तरफ जा रहा था। इसी दौरान यूनिवर्सिटी के कुछ छात्रों ने उस पर लोहे के पंच और लात-घूंसों से हमला कर दिया। हमले में स्पर्श के सिर में चोट आई। उसके सिर में 14 टांके लगे हैं।

पीड़ित का आरोप है कि रंजिश के चलते विशाल, शानू और नवदीश समेत एक अन्य छात्र ने उस पर हमला किया।

आरोपियों ने पीड़ित के दोस्त को भी जान से मारने की धमकी दी है। फिलहाल पीड़ित का इलाज ग्रेटर नोएडा के एक अस्पताल में चल रहा है।

पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर तीन नामजद समेत चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# नोएडा में पानी की पाइप लाइन की होगी मरम्मत

## 800 एमएम डाया की लाइन क्षतिग्रस्त, 10 सेक्टर- 3 गांव प्रभावित, रहेगा डायवर्जन

**नोएडा।** पानी की लाइन क्षतिग्रस्त होने से तीन दिनों तक डायवर्जन होगा। ऐसे में एक्सप्रेस वे से दिल्ली की ओर जाने वाले वाहन चालक महामाया फ्लाइओवर से डीएससी मार्ग का उपयोग करते हुए दिल्ली जा सकेंगे। ये डायवर्जन 6 जून यानी शुक्रवार रात नौ बजे से 9 जून की सुबह 4 बजे तक रहेगा। कार्य पूरा होने के साथ ही डायवर्जन को खोल दिया जाएगा।

प्राधिकरण के डीजीएम विजय रावल ने बताया कि एक्सप्रेस-वे पर महामाया फ्लाईओवर से सेक्टर-18 लूप के बीच के रास्ते 800 एमएम डाया जल की पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो गई है। इस कारण जल आपूर्ति बाधित हो गई है।

लीकेज के कारण एक्सप्रेस-वे के भी क्षतिग्रस्त होने की संभावना है। आगामी दिनों में बारिश के कारण एक्सप्रेस-वे पर खुदाई कर मरम्मत का कार्य करने में असुविधा होगी। ऐसे में मरम्मत का कार्य छह जून से ही शुरू कराकर तीन दिनों में पूरा करा दिया जाएगा।

### ये सेक्टर और गांव प्रभावित

गर्मी के दिनों में पाइप लाइन से पानी की आपूर्ति ना दिये जाने से सेक्टर-39, 40, 41, 42, 43, 44, 46, 47, 48, 49, आगाहपुरा, छलेरा एवं सदरपुर जलापूर्ति से प्रभावित हो रहे है। ऐसे में जल्द से जल्द मरम्मत का कार्य पूरा कर पानी की सप्लाई को सुचारू किया जाएगा। इसके लिए युद्ध स्तर पर यहां मरम्मत का काम होगा।

**लगाए जाएंगे बैरिकेडिंग**

इस कार्य के लिए मरम्मत वाले स्थल से पहले ही बैरिकेडिंग, मार्गदर्शक बोर्ड व सुरक्षा उपकरणों आदि की व्यवस्था की जाएगी। मरम्मत के कार्य के दौरान सेंट्रल वर्ज से 10 मीटर की दूरी के बाद 5 मीटर की चौडाई एवं 30 मीटर लंबाई में यातायात प्रभावित रहेगा। इस मार्ग से दिल्ली की ओर जाने वाले यातायात को महामाया फ्लाईओवर से डीएससी मार्ग का उपयोग करते हुए दिल्ली की ओर जाना सुविधाजनक होगा।

# नोएडा में 100 बाइक चोरी करने वाले 4 गिरफ्तार

## 26 बाइक बरामद, 16 नोएडा से चुराई, ऑटो से करते थे रेकी, 5 हजार में बेचते थे

**नोएडा।** थाना फेज-1 पुलिस ने दो पहिया वाहन चोरी करने वाले चार बदमाशों को पकड़ा है। इनके कब्जे से 26 बाइक और एक ऑटो बरामद किया गया। इन चारों ने अब तक 100 से ज्यादा दो पहिया वाहन चोरी किए। गैंग का सरगना कुंदन उर्फ कुबेर है। इस पर 28 से मुकदमे है। इसके अलावा राहुल , अमित और संकल्प शामिल है। इन सभी अलग-अलग 20 से ज्यादा मुकदमे है। इन चारों को ए-16 सेक्टर-6 से गिरफ्तार किया गया। डीसीपी यमुना प्रसाद ने बताया कि कुन्दन उर्फ कुबेर गैंग का सरगना है। ये नोएडा , दिल्ली , गाजियाबाद, मेरठ और आसपास के शहरों में भीड़ भाड़ वाले इलाकों में खड़ी बाइक की रेकी करते ।



इसके बाद मास्टर चाबी से उसका लॉक खोलकर चोरी करते। अगर लॉक नहीं खुलता तो ये ऑटो से उस बाइक को टोह कर ले जाते है। करीब छह से सात दिनों तक उसको अपने सेफ स्थान पर रखते। इसके बाद सस्ते दामों पर एनसीआर के ही अन्य जिलों में बेच देते है। एक बाइक 5 हजार ये 10 हजार में बेचते है।

### ऑटो से करते रेकी

ये चारों ऑटो से रेकी करते है। ताकि किसी को भी शक न हो। इसमें कुंदन ऑटो चलाता है। बाकी तीन साथी पीछे बैठते है। ये होटल , भीड़ भाड़ वाले में इलाकों में जाते।

यहां बाइक को टारगेट करने के बाद महज 10 मिनट में या तो लॉक खोलकर चोरी करते ये उसे ऑटो में लाद लेते थे। इसके बाद उसे सेफ जगह ले जाते थे।

### 16 बाइक नोएडा से की चोरी

इनके पास से बरामद की गई 26 बाइकों में 16 बाइक नोएडा से चोरी की गई। इसके अलावा बाकी बाइक अन्य शहरों से चोरी की गई। इन चारों का डेटा अन्य जनपद भेजा जा रहा है। ताकि वहां से इनके बारे में जानकारी मिल सके।

# नाइजीरियाई युवती बेहोशी की हालत में मिली

**नोएडा।** सेक्टर-62 स्थित संस्थान में आयोजित अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने आई नाइजीरियाई युवती चार दिन पहले गाजियाबाद के कौशांबी मेट्रो स्टेशन के निकट बेहोशी की हालत में मिली। उसने अज्ञात ई-रिक्शा चालक पर लूटपाट का आरोप लगाया है। सेक्टर-58 थाना पुलिस ने शून्य अपराध संख्या पर मुकदमा दर्ज कर केस गाजियाबाद ट्रांसफर कर दिया। सेक्टर-58 के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि युवती कौशल राष्ट्रीय उद्यमिता एवं लघु व्यवसाय विकास संस्थान की ओर से 21 मई से तीन जून तक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें भाग लेने के लिए नाइजीरियाई युवती अतिलोलो 20 मई को नोएडा आई। संस्थान के अधिकारी शिव कुमार नेगी ने गुरुवार रात शिकायत दर्ज कराई कि नाइजीरियाई युवती अतिलोलो दो जून को संस्थान से बाहर गई थी, लेकिन देर रात तक वह वापस नहीं आई।

तीन जून की सुबह किसी राहगीर ने अतिलोलो को कौशांबी मेट्रो स्टेशन के निकट बेहोश पड़े होने की सूचना दी।

सूचना पर मौके पर पहुंचे और उसे नोएडा के सेक्टर-27 स्थित कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया।

# नोएडा में 32 नए कोरोना पॉजिटिव केस

**190 सक्रिय मामले, तीन अस्पताल में भर्ती, बाकी का होम आइसोलेशन में चल रहा इलाज**

एजेंसी

**नोएडा।** नोएडा में शुक्रवार को 32 कोरोना के नए मामले सामने आए। अब कुल 190 सक्रिय मामले है। इसमें से तीन मरीज भर्ती है। वहीं बाकी का होम आइसोलेशन में इलाज किया जा रहा है। इसमें 79 मेल है और 111 फीमेल है। गुरुवार को एक बच्ची की मौत कोरोना से हुई है। बच्ची दिल्ली के चाचा नेहरू अस्पताल में इलाज चल रहा था। बच्ची को निमोनिया भी हो गया था। अब तक सात मरीज ठीक हो चुके हैं।

वहीं, जैसे-जैसे मरीजों की संख्या बढ़ रही है, स्वास्थ्य विभाग ने जांच का दायरा बढ़ाने पर भी काम शुरू कर रहा है। प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर भी कोविड जांच शुरू करने की कवायद शुरू कर दी है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग को किट उपलब्ध हो गई हैं। अभी सिर्फ जिला अस्पताल में कोविड की जांच हो रही है।

### लखनऊ से मांगी जानकारी

डॉ. टीकम सिंह ने बताया कि लखनऊ से जिले में मौजूदा स्वास्थ्य सुविधाओं की सूची मांगी गई है। स्वास्थ्य केंद्रों पर उपलब्ध ऑक्सीजन कांसन्ट्रेट, नेबुलाइजर, दवाओं का स्टॉक, बेड आदि की जानकारी भेज दी गई है। इस समय भगेल के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर 75 ऑक्सीजन कंसंट्रेशन उपलब्ध हैं, जिन्हें जरूरत पड़ने पर अन्य केंद्रों पर भेजा जाएगा। ऑक्सीजन प्लांट्स का निरीक्षण किया गया है और सभी सुचारू रूप से कार्य कर रहे हैं।

### 10 बेड का आइसोलेशन वार्ड बना

नोएडा के जिला अस्पताल में 10 बेड का आइसोलेशन वार्ड भी बना दिया गया है।

10 बेड का आइसीयू भी कार्यरत है। निजी अस्पतालों से भी संपर्क किया जा रहा है। इमरजेंसी में अलर्ट रहने के लिए कहा गया है।

# पुलिसकर्मियों ने मांगी 50 लाख की रंगदारी

## ग्रेटर नोएडा में एसटीएफ का हवाला देकर व्यक्ति को धमकाया, कोर्ट के आदेश पर एफआईआर दर्ज

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। रबूपुरा पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर 5-6 पुलिसकर्मियों के खिलाफ रंगदारी मांगने का केस दर्ज किया है।

मुरादगढ़ी गांव के भूप सिंह ने बताया कि 16 मई 2024 को बिना नंबर प्लेट की स्कोर्पियो से उतरे 5 हथियारबंद लोगों ने उन पर हमला किया। भूप सिंह अपनी जान बचाने के लिए घर में भाग गए।

हमलावर भी उनके पीछे घर में घुस आए। इस दौरान भूप सिंह घायल हो गए। उन्होंने घर का दरवाजा बंद कर लिया। हमलावर दरवाजा खुलवाने की कोशिश करते रहे। जब दरवाजा नहीं खुला तो गालियां देकर धमकी देते हुए चले गए। भूप सिंह के अनुसार, इससे पहले कई दिनों से एक व्यक्ति खुद को एसटीएफ का कर्मी बताकर फोन पर 50 लाख रुपये की रंगदारी मांग रहा था। वही व्यक्ति अपने पुलिसकर्मी साथियों के साथ उनका अपहरण करने आया था। घटना की सीसीटीवी फुटेज भी पीड़ित के पास मौजूद है। पीड़ित ने रबूपुरा पुलिस और जिले के वरिष्ठ अधिकारियों से शिकायत की। कोई कार्रवाई नहीं होने पर उन्होंने कोर्ट में प्रार्थना पत्र दाखिल किया।

करीब एक साल बाद कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

## कंपनीकर्मी ने 12वीं मंजिल से कूदकर जान दी

**नोएडा।** सेक्टर-74 स्थित सुपरटेक केपटाउन सोसाइटी में रहने वाले कंपनीकर्मी ने शुक्रवार की दोपहर 12वीं मंजिल से कूदकर खुदकुशी कर ली। सेक्टर-113 थाने की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक मूलरूप से पश्चिम बंगाल के रहने वाले 46 वर्षीय सौरभ भट्टाचार्य निजी कंपनी में काम करते थे। वह अपनी पत्नी के साथ सुपरटेक केपटाउन सोसाइटी में 12वीं मंजिल के फ्लैट में रहते थे। वह कई माह से तनाव से जूझ रहे थे। उनका इलाज भी चल रहा था।

# लग्जरी कार से आए चोरो ने कोठी के बाहर खड़ी कार, बैक मीरर चोरी कर हुए फरार

**नोएडा। वकार सैफी।** चोरी करने आए हैं तो कुछ तो लेकर जाएंगे... की तर्ज पर चोरों ने नोएडा के सेक्टर 50 में लग्जरी कर से आए चोरो ने पार्किंग में खड़ी कार का बैक मिरर तोड़कर चुरा लिया और फरार हो गए। लेकिन वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई जो अब सोशल मीडिया पर वायरल है। घटना के बाद से सेक्टर वासियों ने सेक्टर की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई है, वही वीडियो का संज्ञान लेकर थाना 49 पुलिस मामले की जांच कर रही है। बता दे कि नोएडा के सबसे पॉश सेक्टर 50 में कई प्रशासनिक अधिकारियों, मंत्रियों समेत देश की नामचीन हस्तियों के मकान है। इस सेक्टर के ई ब्लॉक में एक अजीबो-गरीब वारादात हुई, जिसमें लग्जरी कार से आए चोर पार्किंग में खड़ी कार का बैक मिरर तोड़कर चुरा लिया सेक्टर-50 स्थित एक घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे का बताया जा रहा है। वायरल वीडियो में दिख रहा है कि एक लग्जरी कार सेक्टर के भीतर से गुजर रही है। अचानक कार का चालक रुक जाता है। वह कार को पीछे करके आता है और घर के बाहर पार्किंग में खड़ी कार के बराबर में अपनी कार को खड़ा करता है। कुछ सेकेंड बराबर में कार खड़ी करने के बाद वह निकल जाता है।

इसके कुछ सेकेंड बाद कार को लेकर दूबारा आता है। इस बार चालक कार को घर के बाहर सड़क पर ही खड़ा रहने देता है। अचानक उस कार में पीछे बैठा युवक उतरता है और घर के बाहर पार्किंग में खड़ी कार में लगे बैक मिरर तोड़ लेता है और उसे कार में रखकर फरार हो जाते है।


# अयोध्या में पीट-पीटकर मां-बेटे की हत्या

## बचाने के लिए बेटे के ऊपर लेटी मां, मौत होने तक पीटते रहे दबंग

**अयोध्या।** अयोध्या में मां-बेटे की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। लाठी-डंडे और सरिया से दबंगों ने तब तक पीटा जब तक दोनों की मौत नहीं हो गई। चीख-पुकार सुनकर छोटा बेटा और बहू पहुंचे तो उन पर भी हमला कर दिया। दोनों की हालत गंभीर है। उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

वारदात गुरुवार रात करीब 10.30 बजे खंडासा थाना क्षेत्र की है। यहां महुआ गांव में रहने वाले प्रेमनाथ (22) गुरुवार रात तेरहवीं से घर लौट रहे थे। घर के बाहर ही आरोपियों ने उसे घेर लिया और हमला कर दिया। बेटे की चीखने की आवाज सुनकर मां कुंता देवी भागती हुई बाहर आईं।

वह हाथ जोड़कर बेटे को छोड़ने की मिन्नतें करने लगीं। जब आरोपी नहीं




माने तो बचाने के लिए वह बेटे के ऊपर लेट गईं। मां-बेटे को दबंग तब तक पीटते रहे जब तक उनकी मौत नहीं हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने 6 आरोपियों को हिरासत में लिया है। मामला जमीन विवाद से जुड़ा बताया जा रहा है। गांव में तनाव को देखते हुए पुलिस बल तैनात किया गया है।

महुआ पूरे फौजदार गांव निवासी माता प्रसाद दिल्ली में रहकर मजदूरी करते हैं। उनके चार बेटे शोभनाथ,अमरनाथ, प्रेमनाथ और दीनानाथ हैं। शोभनाथ और अमरनाथ बाहर नौकरी करते हैं। माता प्रसाद की पत्नी कुंता देवी (55), बड़े बेटे शोभनाथ की पत्नी अनीता देवी (28), दूसरे बेटे अमरनाथ की पत्नी मालती देवी और दोनों छोटे बेटे प्रेम नाथ (22) और दीनानाथ (18) गांव में रहते हैं।

उनके घर के बगल में ही परिवार के सोनू का मकान है। प्रेमनाथ ने एक साल पहले गांव के गुड्डू सिंह से 10 बिस्वा जमीन खरीदी थी। मुख्य आरोपी सोनू को इसकी जानकारी हुई तो उसने प्रशासन से शिकायत कर दी। इसलिए दाखिल खारिज नहीं हुआ। सोनू का कहना था कि इस जमीन पर उसके नाना का घर था। इसलिए ये उसकी जमीन है।

इस जमीन को लेकर एक साल से अमानीगंज में नायब तहसीलदार कोर्ट में केस चल रहा है। 15 दिन पहले भी दोनों परिवारों में विवाद हुआ था। पुलिस ने दोनों पक्षों को पाबंद कर दिया था।

गुरुवार रात पड़ोस के गांव अंडूतारा में तेरहवीं कार्यक्रम था। यहां प्रेमनाथ और दूसरे पक्ष के लोगों की बीच कहासुनी हो गई। तब लोगों ने मामला शांत करा दिया। रात करीब 10.30 प्रेमनाथ खाना खाकर घर आ रहा था। घर से कुछ दूरी पर पहले से घात लगाए बैठे 6 से अधिक हमलावरों ने प्रेमनाथ पर सरिया और लाठी डंडों से हमला कर दिया। प्रेमनाथ की चीख सुनकर मां कुंता देवी बाहर आईं तो देखा कि उसके बेटे को जमीन पर गिराकर पीट रहे थे।

# पुलिस ने दो वारंटियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**ललितपुर।** पुलिस ने दो वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एंव क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चले जा रहे अभियान के क्रम में कोतवाली ललितपुर पुलिस द्वारा दो वारन्टी अभियुक्तों सम्बन्धित केस नं0 2928/15 धारा 147,323,504,506 आईपीसी व केस सं0 109/17 धारा 504 भा0द0वि0 व 3(2)(1)द,ध SC/ST ACT क्रमश सुजान पुत्र बलू उम्र 30 वर्ष निवासी कुमरौल थाना-कोतवाली ललितपुर व देवेन्द्र कुशवाहा पुत्र हीरा कुशवाहा निवासी मु0 तिलयाना थाना कोतवाली व जनपद को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली टीम अनुराग अवस्थी प्रभारी निरीक्षक उ.नि. उ.नि. भूपेन्द्र सिंह उ.नि. प्रवीण कुमार चौकी प्रभारी मण्डी का. अभिषेक कुमार आदि शामिल रहे ।

# शार्ट न्यूज

## वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार



**ललितपुर।** बानपुर पुलिस ने एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एंव क्षेत्राधिकारी महरौनी रक्षपाल सिंह के निकट पर्यवेक्षण में, जनपद में वांछित/वारण्टी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना बानपुर पुलिस द्वारा एक वारण्टी अभियुक्त काशीराम पुत्र हरनारायण निवासी ग्राम खिरिया थाना बानपुर ललितपुर उम्र करीब 50 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त उपरोक्त को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है । गिरफ्तार करने वाल टीम थानाध्यक्ष अरुण कुमार तिवारी उ.नि.सर्वेश सिंह का. शिवनन्दन सिंह आदि शामिल रहे।

## नहल नदी के जीर्णोद्वार होने से किसानों को मिलेगी सिंचाई की बेहतरीन सुविधा: जिलाधिकारी



**रामपुर ।** विश्व पर्यावरण दिवस 2025 के अवसर पर तहसील मिलक के ग्राम नवदिया पर नहाल नदी के किनारे जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र एवं स्थानीय जन प्रतिनिधियों के साथ वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। नहाल नदी जिसकी लम्बाई लगभग 51 किलोमीटर से अधिक थी, जिस पर अनेक व्यक्तियों द्वारा वर्षों से अवैध कब्जा कर रखा था। लेखपाल, तहसीलदार एवं उप जिलाधिकारी द्वारा आपसी सामंजस्य से कब्जा मुक्त कराया गया और खण्ड विकास अधिकारी द्वारा अपनी टीम के साथ मनरेगा से इसकी खुदाई का कार्य सकुशल सम्पन्न कराया। यह नहाल नदी जनपद रामपुर के 29 ग्रामों से होकर गुजरती है। इन ग्रामवासियों को इस नदी के जीर्णोद्वार होने से सिंचाई की सुविधा के साथ-साथ जल संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। नदी के जीर्णोद्वार का कार्य माह फरवरी 2025 में प्रारम्भ हुआ था और माह मई 2025 में पूर्ण हुआ है।

## जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने की पूजा-अर्चना एवं गंगा मैया की आरती

विशाल इडिया संवाददाता



**रामपुर ।** गंगा दशहरा के अवसर पर क्योरार स्थित पुर्नजीवित करायी गयी नहाल नदी के किनारे जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह द्वारा पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र के साथ जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में विधि-विधान के साथ पूजा अर्चना करते हुए माँ गंगा मैया की आरती का अयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन भव्य रूप से जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामवासियों की उपस्थिति में किया गया। जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी को नदी के किनारे एक घाट बनाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने क्षेत्रीय लेखपाल, ग्राम प्रधान एवं उप जिलाधिकारी को नहाल नदी को कब्जा मुक्त रखने हेतु निर्देशित किया।

## बलरामपुर में 5 साल की बच्ची से दुष्कर्म

**बलरामपुर।** बलरामपुर के गैड़ास बुजुर्ग थाना क्षेत्र में 5 वर्षीय बच्ची के साथ हुए दुष्कर्म मामले में समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधिमंडल पीड़िता के परिवार से मिला। शुक्रवार को हुई इस मुलाकात में श्रावस्ती सांसद राम शिरोमणि वर्मा, सपा जिलाध्यक्ष माणिक लाल कश्यप और राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य सैयद तवक्कल हुसैन रिज़्वी समेत कई नेता शामिल थे। सांसद राम शिरोमणि वर्मा ने कहा कि समाजवादी पार्टी पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है। उन्होंने आरोपी को फांसी की सजा और परिवार को आर्थिक मदद व सुरक्षा की मांग की। सपा नेताओं ने प्रदेश की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का नारा महज दिखावा बन कर रह गया है। सैयद तवक्कल हुसैन रिज़्वी ने इस घटना को समाज पर धब्बा बताते हुए आरोपी के लिए कड़ी सजा की मांग की। प्रतिनिधिमंडल में पूर्व विधायक मसूद खान, प्रदेश सचिव ओंकारनाथ पटेल, महिला सभा जिलाध्यक्ष डॉ. हिना कौसर समेत कई नेता मौजूद थे।

## फूड डिलीवरी बॉय निकला अवैध हथियार सप्लायर

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर में पुलिस ने अवैध हथियार सप्लाई करने वाले फूड डिलीवरी बॉय को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से 10 देसी तमंचे, कारतूस, और एक मोटरसाइकिल बरामद की है। आरोपी तमंचे को चार हजार रुपए में खरीदकर ऊंचे दामों में बेचता था। पुलिस से पूछताछ में आरोपी ने अवैध हथियारों की सप्लाई करने की बात कबूल की है। उसने बताया वह यह हथियार में जेल बंद अपने साथियों को लूटङ्कडकैती जैसे अपराध करने के लिए सप्लाई करता था। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है। उसके फरार साथियों की तलाश के लिए टीम बना दी हैं। एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया- रामराज पुलिस व एसओजी की टीम जमालपुर नहरपुल पर चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान देवल की ओर से एक मोटरसाइकिल सवार संदिग्ध व्यक्ति आता दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया, लेकिन वह तेजर से बाइक मोड़कर भागने की कोशिश करने लगा। भागते समय उसकी मोटरसाइकिल फिसलकर गिर गई। पुलिस टीम ने पीछा कर उसे पकड़ लिया।

## बरेली में बकरीद से पहले सुरक्षा चाक-चौबंद

**बरेली।** ईद उल-अजहा (बकरीद) से पहले बरेली में सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त कर दिए गए हैं। त्योहार के दौरान अमन और शांति बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। ड्रोन से निगरानी, बाजारों में पैदल गश्त और हर गली-चौराहे पर फोर्स की तैनाती- बरेली को सुरक्षा के लिहाज़ से अभेद किला बना दिया गया है। डीआईजी अजय कुमार साहनी खुद मोर्चा संभाले हुए हैं और हर संवेदनशील इलाके में फ्लैग मार्च कर लोगों को भरोसा दिला रहे हैं कि त्योहार शांतिपूर्ण और सुरक्षित रहेगा। डीआईजी अजय कुमार साहनी ने बताया कि बकरीद के मद्देनज़र भारी पुलिस बल के साथ शहर में पैदल गश्त की गई। पर्व को शांतिपूर्वक और आपसी भाईचारे के साथ मनाने के लिए थाना बारादरी, कोतवाली और किला थाना क्षेत्र के किला क्रॉसिंग, बड़ा बाजार, कुतुबखाना, बांसमंडी,नवादा शेखान, पुराना शहर और एजाज नगर गौटिया जैसे इलाकों में गश्त की गई।

# सहारनपुर में सेना के लड़ाकू हेलिकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग

### सहारनपुर में पायलट ने खाली मैदान में उतारा, मदद के लिए दूसरा हेलिकॉप्टर पहुंचा



**सहारनपुर।** यूपी के सहारनपुर में सेना के अपाचे हेलिकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग करवानी पड़ी। शुक्रवार शाम करीब 4 बजे पायलट ने यमुना नदी किनारे जोधेबांस गांव के बाहर मैदान में लैंडिंग कराई। कुछ देर में सेना और पुलिस के जवानों ने इलाके को घेर लिया। हेलिकॉप्टर में सवार दोनों पायलट सुरक्षित हैं। आधे घंटे बाद सहारनपुर के सरसावा एयरपोर्ट से मदद के लिए दूसरा हेलिकॉप्टर आया। करीब एक घंटे की मरम्मत के बाद तकनीकी खामी को दूर किया फिर हेलिकॉप्टर ने उड़ान भरी। आसपास के गांवों से लोग हेलिकॉप्टर देखने पहुंचे थे। अपाचे अटैक हेलिकॉप्टर भारतीय सेना का एक लड़ाकू विमान है, जिसे विशेष ऑपरेशनों और दुश्मन के ठिकानों पर सटीक हमलों के लिए इस्तेमाल किया जाता है।

# लखनऊ में बच्ची से दरिंदगी करने वाला एनकाउंटर में ढेर

## मां के बगल से उठाकर मेट्रो लिफ्ट के पास रेप किया; सीसीटीवी सामने आया

**लखनऊ।** लखनऊ में ढाई साल की बच्ची से दरिंदगी के आरोपी को पुलिस ने एनकाउंटर में मार गिराया। शुक्रवार तड़के देवी खेड़ा इलाके में गन्ना संस्थान के पास पुलिस ने आरोपी दीपक वर्मा (24) को घेर लिया। पुलिस को देखते ही उसने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में उसके सीने में 2 गोली लगी। आलमबाग थाना पुलिस उसे नजदीकी अस्पताल ले गई। वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

5 जून की रात आरोपी आलमबाग मेट्रो स्टेशन के नीचे मां-बाप के साथ सो रही बच्ची का मुंह दबाकर उठा ले गया था। रात करीब ढाई बजे मेट्रो स्टेशन की लिफ्ट के पास ले जाकर मासूम के साथ दरिंदगी की। बच्ची जब बेहोश हो गई तो उसे मरा समझकर वहां छोड़कर भाग गया।

वारदात से जुड़ा सीसीटीवी भी एनकाउंटर के बाद सामने आया। इसमें आरोपी बच्ची को गोद में उठाकर लाता हुआ दिख रहा है। इसके बाद लिफ्ट के पास बच्ची के साथ दरिंदगी की। बच्ची का प्राइवेट पार्ट डैमेज हो गया। केजीएमयू के डॉक्टरों ने बताया कि बच्ची की हालत नाजुक है। आज उसकी प्रारंभिक सर्जरी की गई। प्राइवेट पार्ट की सर्जरी बाद में होगी।

### मेट्रो स्टेशन पर लगे सीसीटीवी में पूरी वारदात कैद

वारदात से जुड़ा 3.55 सेकेंड का वीडियो सामने आया है। इसमें दिख रहा कि आरोपी दीपक आलमबाग मेट्रो स्टेशन के नीचे पहुंचता है। फिर लिफ्ट के पास जाता है। एक लिफ्ट का बटन दबाता है। इसके बाद वह सड़क पार करके बच्ची को उठाने जाता है। बच्ची को गोद में उठाकर दौड़कर आता है। उसे एक लिफ्ट के पास रख देता है। फिर वहीं दरिंदगी करता है। इसके बाद वहां भाग जाता है। पुलिस का कहना है कि वीडियो देखकर यह लग रहा है कि उसने पहले से ही बच्ची को टारगेट कर रखा था।

पुलिस ने आरोपी पर गुरुवार को ही एक लाख का इनाम घोषित कर दिया था। वारदात के 24 घंटे के अंदर उसे ढेर कर दिया। आरोपी दीपक पुत्र राधेश्याम वर्मा डूडा कॉलोनी, ऐशबाग का रहने वाला था। वह ट्रेनों में अवैध तरीके से पानी बेचने और जागरण में झांकी सजाने का काम करता था।

# साइबर क्राइम थाना का एसपी ने किया निरीक्षण

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक द्वारा साइबर क्राइम थाना /साइबर सेल, ललितपुर तथा सीसीटीएनएस कार्यालय, ललितपुर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय, साइबर हेल्प हेस्क, सीसीटीएनएस कार्यालय, मालखाना आदि का निरीक्षण किया गया तथा कार्यालय को स्वच्छ रखने हेतु निर्देशित किया गया । थाना/साइबर हेल्प डेस्क पर प्राप्त होने वाली शिकायतों को प्रभारी निरीक्षक द्वारा स्वयं सुनकर उनका उचित, गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया ।



साइबर क्राइम थाने में लम्वित विवेचनाओं का गुण-दोष के आधार पर समयबद्ध रुप से विधिक निस्तारण करने व वांछित/वारंटी अभियुक्तो की नियमानुसार गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया । साइबर क्राइम थाना/साइबर सेल तथा सीसीटीएनएस कार्यालय के विभिन्न पोर्टल पर ऑनलाइन प्राप्त होने वाली शिकायतों का उचित, गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध शत-प्रतिशत निस्तारण करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया । साइबर क्राइम थाना/साइबर सेल से सम्बन्धित अभिलेखों को अध्यावधिक करने व उचित रखरखाव हेतु निर्देशित किया गया । साइबर अपराधों से बचाव हेतु नियमित रुप से अभियान चलाकर शैक्षणिक संस्थानों/वित्तीय संस्थानों/सार्वजनिक स्थानों पर जाकर बच्चों व लोगों को साइबर क्राइम के बारे में जागरूक करने व उसके बचाव हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।

# टेंपो चालक को दिया धक्का, बस के नीचे आने से मौत

महेश सिंह विशाल इंडिया

**लखनऊ।** इटौंजा थाना क्षेत्र के सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई। यह घटना शुक्रवार को कल्याणपुर क्रॉसिंग के निकट हाईवे पर हुई। स्थानीय लोगों ने बताया कि एक टेंपो चालक और महिंद्रा ऑटो चालक हाईवे पर रुके थे और दोनों में किसी बात को लेकर झगड़ा हो रहा था। इसी दौरान ऑटो चालक ने टेंपो चालक को धक्का दे दिया, जिससे वह हाईवे पर गिर गया। पीछे से आ रही बस ने उसे रौंद दिया,



जिससे उसकी मौत हो गई। ऑटो चालक घटना के बाद फरार हो गया। पुलिस मृतक की शिनाख्त करने की कोशिश कर रही है, लेकिन अभी तक उसकी पहचान नहीं हो सकी है।

# मनरेगा योजना के अंतर्गत चल रहे कार्य में विकासखंड चमरौआ में बड़े-बड़े घोटाले

- ग्राम पंचायत सनैया अहमद, करीमपुर शर्की, वहपुरी, तालकपुर, और बकैनिया में मनरेगा योजना के अंतर्गत किये गये लाखों के घोटाले

विशाल इडिया संवाददाता

**रामपुर।** विकासखंड चमरौआ की ग्राम पंचायतों में भी मनरेगा योजना के अंतर्गत चल रहे कार्यों में घोटाले कम नहीं हैं जी हां ग्राम पंचायत सनैया अहमद, करीमपुर शर्की, वहपुरी, तालकपुर के साथ-साथ ग्राम पंचायत बकैनिया में तो मनरेगा योजना के अंतर्गत चल रहे कार्यों में रोजगार सेवक द्वारा जमकर फर्जी हाजिरिया लगाई गई। जी हां 25 मई से 4 जून तक ग्राम पंचायत बकैनिया में रोजाना 10 फोटो से 18 मास्टर रोल बनाए गए जिसमें 11 दिन में कुल 1760 मजदूरों की हाजिरी रोजगार सेवक द्वारा लगाई गई और 20 मई से 24 मई तक उन्हें फोटो से 578 मजदूरों की फर्जी हाजिरी लगाई गई। यानी की रोजगार सेवक के द्वारा 1169 मजदूरों की फर्जी हाजिरी लगाकर सरकारी धन का गवन करने की कोशिश की जा रही है और उच्च अधिकारी इन घोटालों से जानबूझकर बिल्कुल अंजान बने हुए हैं । जी हां रोजगार सेवक के द्वारा 15 दिन में मात्र 11 फोटो से जमकर फर्जी हाजिरी लगाई गई । 20 मई से लगातार 3 जून तक वही फोटो अपलोड किए गए जो की 20 मई को फर्जी हाजिरी के लिए इस्तेमाल हुए उन्हीं फोटो से बार-बार मास्टर रोल बनते रहे और फर्जी हजरियां चढ़ती रही रोजाना एक फोटो से 20 हाजिरी लगाई गई । मनरेगा योजना के अंतर्गत चल रहे कार्यों की जिम्मेदारी अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी की




होती है परंतु जिस तरह से विकासखंड चमरौआ कि ग्राम पंचायतों में मनरेगा योजना के अंतर्गत चल रहे कार्य में फोटो से फोटो लगाकर फर्जी हाजिरी के घोटाले चल रहे हैं वहां पर मास्टर रोल में सिर्फ नाम बदलते रहे हैं परंतु फोटो वही के वही रहे पुराने फोटो से रोजाना कितने ही मजदूर की हाजिरियां लगाई जाती है बार-बार वही फोटो रिपीट कर रोजगार सेवक सरकार और गरीब जनता का धन लूट रहे हैं और अपने चहेते मजदूरों के खातों में भुगतान कर रहे हैं यह भ्रष्टाचारी सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति पर बदनुमा दाग साबित हो रहा है और आम जनमानस और सरकार को लाखों का चूना लगाने का कार्य किया जा रहा है । इससे लगता है कि कितने जिम्मेदार हैं अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी या कह सकते हैं कि अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी के पूर्ण सहयोग से ही रोजगार सेवक, सचिव और ग्राम प्रधान के हौसले बुलंद हैं जिस कारण ये जमकर घोटाले कर रहे हैंअब देखना है कि विकासखंड में बैठे जिम्मेदार अधिकारी इन घोटालों पर नकेल लगा पाते हैं या इस तरह ही सरकारी धन का गवन होता रहेगा ।

### बरेली में शादी के लिए बना फर्जी इंस्पेक्टर

**बरेली।** बरेली में एक युवक को लड़की से मोहब्बत हो गई। उसने लड़की के घरवालों के सामने शादी का प्रपोजल रखा। इस पर लड़की के पिता ने कहा कि वो ऐसे लड़के से अपनी लड़की की शादी करेंगे, जो पुलिस इंस्पेक्टर हो। इसके बाद युवक ने पुलिस इंस्पेक्टर बनने की तैयारी की। उसने सब-इंस्पेक्टर की परीक्षा दी, लेकिन पास नहीं हो सका। इसके बावजूद पुलिस की वर्दी पहनकर लड़की के घर पहुंचा। उसके पिता से बोला- ससुरजी मैं इंस्पेक्टर बन गया हूं। अब वादे के अनुसार, अपनी बेटी की शादी मेरे साथ कर दीजिए। पुलिस ने युवक को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। सीओ सिटी पंकज श्रीवास्तव ने बताया- एक फर्जी इंस्पेक्टर शहजाद अहमद को पकड़ा गया है। वह वर्दी पहनकर लोगों को गुमराह करता था।

# एसपी ने पुलिस लाइंस में ली परेड की सलामी

ललितपुर। पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक द्वारा शुक्रवार की परेड की सलामी ली गयी । इसके उपरांत परेड का निरीक्षण किया गया । पुलिस लाइन स्थित क्वार्टर गार्द, स्टोर, आर्मरी आदि का निरीक्षण कर शस्त्रों की साफ-सफाई व उचित व्यवस्थापन तथा संबंधित अभिलेखों को अपडेटेड रखने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया । यू0पी0 112 के वाहनों को चेक किया गया तथा उसमें कार्यरत अधि0/कर्म0गण को निर्देशित किया गया कि इवेन्ट की सूचना पर शीघ्र-अतिशीघ्र पहुंचकर पीडित को हरसंभव मदद करें तथा पीड़ित के साथ शिष्टतापूर्वक व्यवहार करना सुनिश्चित करें । निकट भविष्य में आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती-2023 के आधारभूत प्रशिक्षण ( जे0टी0सी0/आर0टी0सी0 ) के दृष्टिगत सभी प्रकार की तैयारियों का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक



दिशा निर्देश दिये गये । परेड में शामिल पुलिस अधिक/कर्म0गण से उनकी समस्याओं को सुनकर सम्बन्धित को अविलम्ब निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया । डायल 112, परिवहन शाखा, स्टोर, पुलिस मेस, पुलिस स्नानागार, बारबर शॉप, बैरकों, पुलिस कैटींन एवं पुलिस लाइन की विभिन्न मदों को चेक कर उचित साफ-सफाई हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये । आदेश कक्ष में अर्दली रुम के दौरान अधि0/कर्म0गण के प्रशिक्षण रजिस्टर, रिज़र्व पुलिस लाइन्स की विभिन्न मदों के रजिस्टरों का अवलोकन किया गया तथा संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये इस दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन्स सुनील कुमार, क्षेत्राधिकारी मड़ावरा राजेश कुमार श्रीवास्तव, प्रतिसार निरीक्षक जगदीश चन्द्र व अन्य पुलिस अधिकारियों कर्म0गण मौजूद रहे ।

# यूपी में 5 दिन पड़ेगी भीषण गर्मी : 5-6 डिग्री तक बढ़ेगा पारा

## वैज्ञानिक बोले- 20 जून तक प्रवेश करेगा मानसून

यूपी में आज सभी जिलों में शुष्क मौसम रहने का अलर्ट है। गर्म पछुआ हवा के चलते 5 दिन के लिए गर्मी का प्रकोप बढ़ने वाला है। 11 जून के बाद हवा का रुख पूर्वा होगी। पूर्वांचल से शुरू होकर दोबारा बूंदाबांदी का दौर देखने को मिलेगा।

वहीं, गुरुवार की शाम नेपाल से सटे श्रावस्ती और बलरामपुर जिले में बारिश हुई। बलरामपुर में शाम 5 बजे के बाद तेज हवा के साथ बारिश हुई। तापमान में 3 डिग्री की गिरावट आई है। यहां दो दिनों से तापमान 34 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहा। बारिश के बाद तापमान 31 डिग्री रिकॉर्ड हुआ।

श्रावस्ती में जमुनहा क्षेत्र के इमलिया और आसपास के इलाकों में तेज हवा के साथ एक घंटे तक तेज बारिश हुई। कुछ अन्य इलाकों में बारिश के साथ करीब 15 मिनट तक ओले भी गिरे। सबसे गर्म बांदा रहा, यहां 40.8 डिग्री सेल्सियस पारा रिकॉर्ड किया गया। बाराबंकी का न्यूनतम पारा सबसे कम 21.5 डिग्री सेल्सियस रहा।

### 20 जून तक पहुंच सकता मानसून

बीएचयू के डॉ. ज्ञान प्रकाश ने बताया- मानसूनी बादल यूपी में 20 जून तक पहुंच सकते हैं। लेकिन, यह भी मौसम के वर्तमान परिदृश्य को देखकर कहना थोड़ा कठिन होगा, क्योंकि अभी भी पश्चिमी विक्षोभ एक्टिव है।

यूपी समेत कई राज्यों में रुक-रुककर छिटपुट बारिश हो रही है। यह बारिश कहीं ना कहीं से हीटिंग को कम कर रही है।

गर्मी कम होने की वजह से बंगाल की खाड़ी में अब तक लो प्रेशर डेवलप नहीं हुआ है।

माहौल तो बन रहा है, लेकिन गर्मी कम होने और मॉइस्चर के बार-बार रिलीज हो जाने की वजह से बारिश समय से हो जाए यह कह पाना थोड़ा मुश्किल हो रहा है।

कृषि विशेषज्ञ डॉ. राजीव श्रीवास्तव बताते हैं, बारिश से धान की फसल को फायदा है। धान नर्सरी के लिए किसान खेत तैयार कर रहे हैं। मोटे अनाजों की बोआई के लिए भी बारिश फायदेमंद है। इस समय मक्का, सामा और काकून आदि की बोआई के लिए एकदम सही समय है, क्योंकि इसके लिए नमी की जरूरत होती है।

कृषि विशेषज्ञ ने बताया, इस बारिश से आम की फसल को नुकसान पहुंच सकता है।

जहां आम की मिठास कम होने की आशंका है, वहीं फल में कीड़े लगने की आशंका बन जाती है। हरी सब्जियों के लिए भी यह बारिश ठीक नहीं है। लौकी, करेला, भिंडी, तोरई जैसी सब्जियां खराब हो जाती हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### माओवादी उपाध्यक्ष को आम माफी दिए जाने के नेपाल सरकार के निर्णय को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज किया

**काठमांडू, एजेंसी।** हत्या के आरोपित माओवादी पार्टी के उपाध्यक्ष अग्नि सापकोटा को नेपाल सरकार के द्वारा माफी दिए जाने के निर्णय को सुप्रीम कोर्ट ने रद्द कर दिया है। कोर्ट ने उनके खिलाफ मुकदमा चलाने का आदेश भी दिया है। बुधवार को कोर्ट ने इस मामले पर सुनवाई करते हुए गंभीर प्रकार के आपराधिक मामले में सरकार द्वारा छूट दिए जाने का निर्णय सही नहीं होने की बात कहते हुए उनके खिलाफ मुकदमा चलाने की अनुमति प्रदान की है। अदालत के इस आदेश के बाद माओवादी उपाध्यक्ष अग्नि सापकोटा के खिलाफ हत्या का मुकदमा चलाने का रास्ता साफ हो गया है। माओवादी के द्वारा दस वर्षों तक चलाए गए सशस्त्र युद्ध के समय अग्नि सापकोटा पर काभ्रे जिला के अर्जुन लामा को शारीरिक प्रताड़ना देते हुए उसकी हत्या का आदेश देने का आरोप है। करीब 20 वर्ष पहले हुए इस हत्याकांड के बाद मृतक अर्जुन लामा के माता–पिता ने माओवादी नेता अग्नि सापकोटा को नामजद अभियुक्त बताते हुए उनके खिलाफ जिला अदालत में मुकदमा दायर किया था। देश में दूसरी बार माओवादी की सरकार डा बाबूराम भट्टराई के नेतृत्व में बनने के बाद सापकोटा के हत्या के मुकदमे को आगे नहीं बढ़ाने का निर्णय किया गया था। सरकार के इस निर्णय के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में मुकदमा दायर किया गया था जिस पर बुधवार को अदालत ने अपना फैसला सुनाया है।

### संयुक्त राष्ट्र ने मेजर जनरल डिओदातो अबागनारा को युनिफिल का नया प्रमुख नियुक्त किया

**न्यूयॉर्क/बेरूत, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र ने लेबनान में तैनात संयुक्त राष्ट्र अंतरिम बल (यूनिफिल) के नए प्रमुख के रूप में मेजर जनरल डिओदातो अबागनारा की नियुक्ति की घोषणा की है। वे लेफ्टिनेंट जनरल आरोल्डो लाजारो साएन्ज का स्थान लेंगे। यूनिफिल की ओर से जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि अबागनारा अब इस महत्वपूर्ण शांति मिशन का नेतृत्व करेंगे, जो दक्षिण लेबनान में इजराइल और हिज्बुल्लाह के बीच संघर्ष विराम की निगरानी करता है। हालांकि 2006 के युद्ध के बाद आधिकारिक तौर पर संघर्ष विराम लागू है, लेकिन इजराइल और हिज़्बुल्लाह के बीच सीमा पार हमले अब भी जारी हैं। रिपोर्ट के अनुसार, इजराइल ने हाल के महीनों में दक्षिण लेबनान में हवाई हमले तेज किए हैं, जिनमें बेरूत के दक्षिणी उपनगरों को भी निशाना बनाया गया है, ये इलाके हिज़्बुल्लाह का गढ़ माने जाते हैं। संयुक्त राष्ट्र का यह मिशन क्षेत्रीय स्थिरता बनाए रखने के लिए 1978 से कार्यरत है और फिलहाल इसमें लगभग 10,000 से अधिक अंतरराष्ट्रीय सैनिक तैनात हैं। नए प्रमुख अबागनारा को एक जटिल और संवेदनशील सुरक्षा माहौल में शांति स्थापना और मध्यस्थता की जिम्मेदारी संभालनी होगी।

### राजशाही समर्थकों का काठमांडू केन्द्रित प्रदर्शन आज से समाप्त, जिला केंद्रित प्रदर्शन की बनी रणनीति

**काठमांडू, एजेंसी।** देश में राजशाही की वापसी को लेकर चलाए जा रहे काठमांडू केन्द्रित प्रदर्शन आज से समाप्त होने की घोषणा करते हुए आगे से जिला और शहर केंद्रित प्रदर्शन करने की योजना बनाई गई है। राजशाही की वापसी को लेकर संयुक्त रूप से आंदोलन कर रहे सभी राजनीतिक दल और संस्थाओं की बुधवार को हुई बैठक के बाद काठमांडू केन्द्रित प्रदर्शन को स्थगित करने का निर्णय किया गया। इस आंदोलन का नेतृत्व कर रहे राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के अध्यक्ष राजेन्द्र लिंगदेन की अनुपस्थिति में हुई इस बैठक में पहले चरण के आंदोलन के समाप्ति की घोषणा की गई। संयुक्त जन आंदोलन संघर्ष समिति की तरफ से इसके संयोजक नवराज सुवेदी ने बुधवार की देर रात को बयान जारी करते हुए आने वाले दिन में जिला और शहर केंद्रित प्रदर्शन होने की जानकारी दी है। उन्होंने इन प्रदर्शनों में नेपाली सेना, नेपाल पुलिस और अन्य सुरक्षाबलों के अवकाश प्राप्त अधिकारियों और जवानों को अधिक से अधिक सहभागी होने की अपील की है। बताया जा रहा है कि राजशाही की मांग को लेकर संयुक्त रूप से आंदोलन में उतरे राजनीतिक दल और संस्थाओं के बीच में मनमुटाव के कारण काठमांडू केन्द्रित प्रदर्शन को स्थगित करते हुए इसे प्रथम चरण का आंदोलन समाप्त होने की बात कही गई है।

### दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति चुनाव में ली जे–म्युंग की जीत

**सियोल, एजेंसी।** दक्षिण कोरिया में लंबे राजनीतिक अस्थिरता और मार्शल लॉ के बाद हुए विशेष राष्ट्रपति चुनाव में लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार ली जे–म्युंग ने मंगलवार को स्पष्ट जीत दर्ज करते हुए देश के नए राष्ट्रपति बनने का गौरव हासिल किया। बुधवार सुबह साढ़े 3 बजे (स्थानीय समयानुसार) के आसपास मतों की गिनती पूरी हुई और चुनाव अधिकारियों ने घोषित किया कि ली जे–म्युंग 49 प्रतिशत से अधिक मत हासिल कर विजेता रहे। वहीं, उनके मुख्य रूढ़िवादी प्रतिद्वंद्वी किम मून–सू 41.6 प्रतिशत वोटों के साथ पीछे रह गए। दोनों के बीच 2.5 मिलियन से अधिक वोटों का अंतर रहा। जीत के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ली जे–म्युंग ने कहा, 卐मैं देशवासियों की उम्मीदों पर खरा उतरने की पूरी कोशिश करूंगा। यह एक नया आरंभ है और अब हम आशा के साथ आगे बढ़ेंगे। हम देश की एकता, आर्थिक पुनरुत्थान और कोरियाई प्रायद्वीप में शांति सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। ली ने यह भी स्पष्ट किया कि उनका प्रशासन अमेरिका के साथ दक्षिण कोरिया की रणनीतिक साझेदारी को प्राथमिकता देगा, साथ ही उत्तर कोरिया के साथ संवाद और शांति की राह को भी अपनाएगा।

# भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने बेल्जियम में आतंकवाद के खिलाफ अपना संकल्प दोहराया

**ब्रुसेल्स, एजेंसी।** भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व में भारत के सभी दलों के सांसदों के प्रतिनिधिमंडल ने बेल्जियम में यूरोपीय संसद के सदस्यों (एमईपी) से कई अहम बैठकें कीं। इन बैठकों में भारत ने सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ अपने मजबूत और सख्त रुख को दोहराया। प्रतिनिधिमंडल ने यूरोपीय संसद का दौरा किया और वहां भारत से जुड़े मामलों के प्रतिनिधिमंडल, विदेश मामलों की समिति और सुरक्षा व रक्षा समिति के सदस्यों से मुलाकात की। बैठकों के दौरान भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने भारत के खिलाफ हो रहे सीमापार आतंकवाद पर विस्तार से जानकारी दी। खास तौर पर उन्होंने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के जरिए भारत की संतुलित और रणनीतिक प्रतिक्रिया को भी बताया। संसद में चर्चा का केंद्र आतंकवाद के खिलाफ भारत और यूरोपीय संघ के बीच रणनीतिक सहयोग को मजबूत करना रहा। इसके साथ ही उच्च स्तरीय राजनयिक बातचीत और सांसदों के बीच विचार-विमर्श जैसे अहम मुद्दों पर भी चर्चा हुई। भारतीय दूतावास के अनुसार, आतंकवाद के खिलाफ भारत का सख्त संदेश दुनिया तक पहुंचाने के लिए सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने यूरोपीय संसद के सदस्यों (एमईपी) से मुलाकात की। इस दौरान सीमा पार आतंकवाद सहित आतंकवाद से निपटने, वैश्विक शांति और भारत-यूरोपीय संघ के रिश्तों को मजबूत करने पर चर्चा हुई।



यूरोपीय संघ ने पहलगाम में हुए दर्दनाक आतंकी हमले की कड़ी निंदा की और भारत के साथ एकजुटता जताई। दूतावास ने कहा, यूरोपीय संघ को पहलगाम में हुए भयावह आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के जरिए भारत की सोच-समझकर की गई जवाबी कार्रवाई के बारे में बताया गया। इससे भारत की आतंकवाद के प्रति सख्त नीति और 'जीरो टॉलरेंस' का साफ संदेश मिला। यूरोपीय संसद के सदस्यों ने भी हमले के पीड़ितों के प्रति अपनी संवेदना और एकजुटता जताई। भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने ब्रुसेल्स के कुछ प्रमुख थिंक टैंकों और रणनीतिक विशेषज्ञों से भी मुलाकात की। इस दौरान वैश्विक आतंकवाद की स्थिति और ऐसे खतरों से निपटने में भारत की यूरोपीय संघ से उम्मीदों पर चर्चा हुई। इन चर्चाओं से यह साझा सोच और मजबूत हुई कि आतंकवाद से निपटने के लिए दुनिया को मिलकर एकजुट और समन्वित जवाब देना जरूरी है। रविशंकर प्रसाद ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में कहा, ÷ब्रसेल्स यात्रा के दौरान, सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के साथ मिलकर मैंने आतंकवाद, खासकर भारत को निशाना बनाने वाले सीमा पार आतंकवाद पर विस्तार से चर्चा की। हमने वहां के प्रमुख थिंक टैंकों के साथ भारत की आतंकवाद विरोधी पहलें, खासतौर पर ऑपरेशन सिंदूर , पर भी विचार-विमर्श किया। इन बातचीतों से यह स्पष्ट संदेश गया कि भारत आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाता है।

### गाजा युद्ध पर विरोध के बीच आयरलैंड की प्रमुख यूनिवर्सिटी ने इजराइल से तोड़े संबंध

**डबलिन।** आयरलैंड की प्रतिष्ठित ट्रिनिटी कॉलेज डबलिन ने बुधवार को घोषणा की कि वह इजराइल के साथ अपने सभी शैक्षणिक और कारोबारी संबंध समाप्त कर रहा है। यह निर्णय गाजा में इजराइली सैन्य कार्रवाइयों और अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानूनों के कथित उल्लंघनों के विरोधस्वरूप लिया गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने यह कदम कैंपस में हुए लगातार छात्र आंदोलनों और विरोध प्रदर्शनों के बाद उठाया, जिनमें इज़राइल के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई थी। स्थानीय मीडिय के अनुसार, विश्वविद्यालय के बोर्ड ने छात्रों को एक ईमेल भेजकर सूचित किया कि अब ट्रिनिटी कॉलेज किसी भी इजराइली कंपनी के साथ व्यापार नहीं करेगा। इजराइल आधारित सभी कंपनियों से पूंजी निवेश वापस लेगा और इजराइली विश्वविद्यालयों के साथ छात्र एवं फैकल्टी आदान-प्रदान कार्यक्रमों में कोई नया समझौता नहीं करेगा। बयान में कहा गया है कि यह निर्णय इजराइल द्वारा अंतरराष्ट्रीय और मानवीय कानूनों के निरंतर उल्लंघन卐 के मद्देनजर लिया गया है। इस फैसले को छात्रों और मानवाधिकार कार्यकर्ताओं ने बड़ी जीत बताया है। वहीं, इजराइल समर्थक समूहों ने इस निर्णय की आलोचना करते हुए कहा है कि इससे शैक्षणिक स्वतंत्रता और संवाद को नुकसान पहुंचेगा।

### अमेरिका में जहरीले फंगस की तस्करी के आरोप में चीन की वैज्ञानिक गिरफ्तार

**वाशिंगटन, एजेंसी।** संयुक्त राज्य अमेरिका में खतरनाक जहरीले फंगस (कवक) की तस्करी के आरोप में चीन की एक महिला वैज्ञानिक को पकड़ा गया है। इस फंगस का इस्तेमाल खेत-खलिहानों में फसलों को खराब करने के लिए किया जाता है। इस मामले में एफबीआई एजेंट इस महिला के पुरुष मित्र की भी तलाश कर रहे हैं। वह भी चीन की नागरिक और वैज्ञानिक है। एफबीआई निदेशक काश पटेल ने कहा है कि गिरफ्तार की गई युनकिंग जियान की उम्र 33 वर्ष है। एफबीआई निदेशक काश पटेल ने बयान में कहा है कि एफबीआई ने चीन की महिला नागरिक युनकिंग जियान को अमेरिका में खतरनाक खतरनाक जहरीले फंगस (कवक) के साथ गिरफ्तार किया है। जियान पर आरोप है कि उसने फ्यूजेरियम ग्रैमिनियरम नामक खतरनाक कवक की तस्करी की है। यह कृषि पर आतंकी हमला जैसा है। आरोपित आतंकवाद एजेंट है। मिशिगन विश्वविद्यालय की इस शोधार्थी की गिरफ्तारी चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि यह कवक हेड ब्लाइट नामक बीमारी का कारण बनता है। यह गेहूं, जौ, मक्का और चावल में प्रवेश कर मनुष्य और पशुओं दोनों के स्वास्थ्य में गंभीर समस्याएं उत्पन्न करता है। यह कवक हर साल दुनिया भर में अरबों डॉलर के आर्थिक नुकसान के लिए जिम्मेदार है। काश पटेल ने कहा कि साक्ष्य यह भी संकेत देते हैं कि जियान ने चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के प्रति वफादारी व्यक्त की। इस कवक के लिए चीन सरकार से धन प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि जियान के पुरुष मित्र जुनयोंग लियू पर भी ऐसा ही आरोप है। वह चीन के एक विश्वविद्यालय में काम करता है। लियू पर आरोप है कि उसने पहले झूठ बोला फिर स्वीकार किया कि उसने फ्यूजेरियम ग्रैमिनेरम की तस्करी भी अमेरिका में की थी, जिससे वह भी मिशिगन विश्वविद्यालय में शोध कर सके। एफबीआई निदेशक पटेल ने कहा कि इससे साबित होता है कि चीन अमेरिकी संस्थाओं में घुसपैठ करने और देश की खाद्य आपूर्ति को लक्षित करने के लिए काम कर रहा है। वह अमेरिकी जीवन और अर्थव्यवस्था को चोट पहुंचाना चाहता है।

### रूसी सुरक्षा परिषद के सचिव सर्गेई शोइगु उत्तर कोरिया पहुंचे

**प्योंगयांग, एजेंसी।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के निर्देश पर रूसी सुरक्षा परिषद के सचिव सर्गेई शोइगु उत्तर कोरिया की राजधानी प्योंगयांग पहुंचे हैं। उनका उत्तर कोरिया के सर्वोच्च नेता किम जोंग उन से मिलने का कार्यक्रम है। यह तीन महीने से भी कम समय में प्योंगयांग की दूसरी यात्रा है। रूस की सरकारी समाचार एजेंसी तास की खबर के अनुसार दोनों नेताओं के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी पर रूस-डीपीआरके संधि के कुछ प्रावधानों के कार्यान्वयन और कुर्स्क क्षेत्र को मुक्त करने में मदद करने वाले कोरियाई योद्धाओं की स्मृति को बनाए रखने के प्रयासों पर चर्चा करने की उम्मीद है। इसके अलावा दोनों पक्षों के यूक्रेन के आसपास की स्थिति सहित अंतरराष्ट्रीय एजेंडे के महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करने की उम्मीद है। शोइगु की उत्तर कोरिया की पिछली यात्रा 21 मार्च को हुई थी। उस समय किम जोंग उन ने उनका स्वागत किया था और उनकी बातचीत लगभग दो घंटे तक चली थी। शोइगु ने कहा कि उन्होंने उत्तर कोरियाई नेता को पुतिन का संदेश दिया। उन्होंने यूक्रेन और रूस-अमेरिका वार्ता की शुरुआत पर चर्चा की। उन्होंने उत्तर कोरिया के राज्य सुरक्षामंत्री री चांग डे से भी मुलाकात की थी।

# विकास को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता के साथ भारत यूएन आर्थिक एवं सामाजिक परिषद के लिए निर्वाचित

**संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी।** भारत को संयुक्त राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक परिषद (ईसीओएसओसी) के लिए 2026 से शुरू होने वाले तीन साल के कार्यकाल के लिए चुना गया है। भारत को 187 में से 181 वोट मिले। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक्स पर कहा कि भारत विकास के मुद्दों को बढ़ावा देने और ईसीओएसओसी को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने समर्थन देने वाले देशों और भारत के यूएन मिशन के राजनयिकों को धन्यवाद दिया। यह भारत का ईसीओएसओसी में कम से कम 18वां कार्यकाल होगा। भारत 2008 से 2020 तक चार कार्यकाल पूरे कर चुका है। ईसीओएसओसी यूएन का मुख्य निकाय है, जिसमें 193 सदस्य देशों का प्रतिनिधित्व होता है। यह सतत विकास और आर्थिक मामलों पर काम करता है। इसमें 54 सदस्य हैं, जिनमें से एक-तिहाई हर तीन साल में बदलते हैं।

इस साल 18 सीटों के लिए चुनाव हुआ। एशिया-प्रशांत क्षेत्र की चार सीटों के लिए भारत, चीन, लेबनान और तुर्कमेनिस्तान चुने गए। चीन को 180, लेबनान और तुर्कमेनिस्तान को 183-183 वोट मिले। पूर्वी यूरोप ग्रुप में यूक्रेन ने रूस को पछाड़ दिया, जिसके कारण उसे पहले मतदान में क्षेत्र की तीन सीटों में से एक सीट जीतने के लिए



पर्याप्त वोट नहीं मिल पाए। ऐसे में उसे दूसरे चरण में हिस्सा लेना पड़ा। चूंकि क्षेत्र ने तीन सीटों के लिए कोई सूची नहीं बनाई थी, इसलिए तीन सीटों के लिए पांच उम्मीदवार थे। यूक्रेन 130, जबकि क्रोएशिया 140 वोटों के साथ पहले चरण में चुने गए, जिन्होंने दो-तिहाई वोट जीते। रूस 108 वोटों के साथ अपने सहयोगी बेलारूस के खिलाफ दूसरे चरण में हिस्सा लेने के लिए मजबूर हुआ। उसे 96 वोट मिले, जबकि सबसे कम वोट पाने वाला उत्तरी मैसेडोनिया 59 वोटों के साथ बाहर हो गया। 23 देशों ने रनऑफ में मतदान से परहेज किया, जिससे दो-तिहाई बहुमत की सीमा कम हो गई और रूस ने बेलारूस के 46 के मुकाबले 115 वोटों से जीत हासिल की। अमेरिका और जर्मनी ने इटली और लिकटेंस्टीन के अपने सीटों से इस्तीफा देने के कारण ईसीओएसओसी के लिए उप-चुनाव जीते। भारत अपने पड़ोसियों पाकिस्तान, नेपाल, बांग्लादेश और श्रीलंका के साथ ईसीओएसओसी में शामिल होगा।

# अमेरिका में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने कहा, पाकिस्तान के प्रति कोई सहानुभूति नहीं, भारत के प्रति पूर्ण समर्थन

**वाशिंगटन, एजेंसी।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व वाला भारतीय सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल अमेरिका दौरे पर है। अमेरिका में भारतीय सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने कहा है कि कई देशों में उसके साथ हुई बातचीत से यह स्पष्ट हो गया है कि पाकिस्तान के प्रति कोई सहानुभूति नहीं है और सीमापार आतंकवाद पर भारत के रुख को लेकर वैश्विक समर्थन बहुत अधिक है। प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख और कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने बुधवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, ÷हम हर देश में जो करने की कोशिश कर रहे हैं, वह यह है कि हम घटनाओं के बारे में अपना दृष्टिकोण, पिछले कुछ हफ्तों के अपने अनुभव को समझाएं, और उन लोगों की एकजुटता और समझ की कोशिश करें जिनसे हम मिलते हैं और बात करते हैं। उन्होंने कहा, ÷मुझे यह कहते हुए बहुत खुशी हो रही है कि अब तक हम जिन लोगों से मिले हैं, उन सभी ने न केवल भारत पर हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की है और आतंकवाद के खिलाफ भारत के



आत्मरक्षा के अधिकार का भी स्पष्ट रूप से समर्थन किया है और ऐसी समझ का बहुत स्वागत किया गया है। थरूर ने पहलगाम आतंकवादी हमले को कश्मीर में आर्थिक और सामाजिक आशावाद के समय में एक गंभीर रुकावट बताया। उन्होंने कहा, ÷कश्मीर में तेजी से विकास हो रहा था। आम कश्मीरी भारी संख्या में पर्यटकों के आने से लाभान्वित हो रहे थे। उनको आर्थिक रूप से काफी अवसर मिल रहे थे। यह एक अच्छा समय था। कश्मीर में छुट्टियां मनाने आए पर्यटकों के एक मासूम समूह की निर्मम हत्या की जा रही है, लोग आकर उनसे उनका धर्म पूछ रहे हैं और उनकी आंखों की सामने गोली मार रहे हैं। उन्होंने कहा, ÷इसके बाद सरकार ने जो कुछ भी करने का निर्णय लिया, राष्ट्र ने एकजुट होकर उसका समर्थन किया। हममें से अधिकांश लोग जो चाहते थे, सरकार ने अंत में वहीं निर्णय लिया है। उन्होंने भारत की सुनियोजित सैन्य प्रतिक्रिया और युद्ध विराम के बारे में भी बताया।

### एलन मस्क को ट्रंप का टैक्स कट्स और खर्च विधेयक पसंद नहीं आया, बताया-घिनौना अभिशाप

**वाशिंगटन, एजेंसी।** दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पूर्व सहयोगी एलन मस्क को टैक्स कट्स और खर्च विधेयक पसंद नहीं आया। मस्क ने इसे घिनौना अभिशाप की संज्ञा दी। उन्होंने कहा कि अब बर्दाश्त से बाहर है। मस्क ने एक्स पर लिखा, ÷मैं इसे अब और बर्दाश्त नहीं कर सकता। ट्रंप की घरेलू प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से बनाया गया व्यापक नीतिगत विधेयक अपमानजनक और अश्लील है। सीबीएस न्यूज के अनुसार मस्क ने लिखा, जिन लोगों ने इसके पक्ष में वोट दिया, उन्हें शर्म आनी चाहिए। वह लोग जानते हैं कि उन्होंने गलत किया है।



ऐसे लोगों ने अमेरिकी लोगों के साथ विश्वासघात किया है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने इस आलोचना का जवाब दिया है। उन्होंने दैनिक प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि ट्रंप पहले से ही जानते हैं कि इस विधेयक पर एलन मस्क का क्या रुख है। इससे राष्ट्रपति की राय नहीं बदलती। मस्क ने हाल ही में ÷सीबीएस संडे मॉर्निंग÷ को दिए साक्षात्कार में कहा कि वह इस विधेयक से निराश हैं। यह विधेयक पैकेज घाटे को बढ़ाता है और सरकारी दक्षता विभाग को कमजोर करता है। उन्होंने कहा कि यह विधेयक अच्छा और मनभावन हो सकता था। इस बीच कुछ रिपब्लिकन सीनेटरों ने मंगलवार को मस्क की भावना का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि विधेयक अब सीनेट के हाथों में है। सदन में वापस जाने से पहले इसमें बदलाव होने की उम्मीद है। केंटकी के सीनेटर रैंड पॉल ने कहा कि राष्ट्रपति को इस संबंध में मस्क से सलाह लेनी चाहिए।विस्कॉन्सिन के सीनेटर रॉन जॉनसन ने कहा कि विधेयक में बदलाव होना चाहिए। वह मस्क की चिंता का समर्थन करते हैं। जॉनसन ने कहा, मुझे बहुत खेद है कि उन्होंने यह गलती की है।÷ यूटा के सीनेटर माइक ली ने कहा कि सीनेट को इस विधेयक को बेहतर बनाना होगा।

# अमेरिकी कांग्रेस की बैठक में भारत को पूर्ण समर्थन और एकजुटता : मिली : थरूर

**वाशिंगटन, एजेंसी।** भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को अमेरिकी सांसदों से मुलाकात की और कहा कि आतंकवाद से लड़ने में भारत को उनसे पूर्ण समर्थन और एकजुटता मिली है। यह बात कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कही, जो प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं। उन्होंने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, हमारे पास एक भी संदेहपूर्ण या नकारात्मक आवाज नहीं थी। इसके विपरीत, हमें जो मिला वह बहुत ही सकारात्मक प्रतिक्रिया थी। उन्होंने कहा कि भारत और आतंकवाद के खिलाफ उसकी लड़ाई के प्रति पूर्ण समर्थन और एकजुटता थी और आतंकवाद के खिलाफ भारत के आत्मरक्षा के अधिकार के प्रति पूर्ण समझ व्यक्त की गई। आतंकवाद के प्रति शून्य सहनशीलता का संदेश देने तथा ऑपरेशन सिंदूर के औचित्य को समझाने के अपने मिशन पर, टीम थरूर ने कांग्रेस के इंडिया कॉकस; सदन की विदेश मामलों की समिति के सदस्यों, जिनमें दक्षिण एशिया और पूर्वी एशिया उपसमितियों के दो अध्यक्ष शामिल थे, तथा छह सीनेटरों के एक समूह से मुलाकात की, जिनमें से पांच विदेश संबंध समिति के तथा एक खुफिया समिति के सदस्य थे। थरूर की बात को प्रतिनिधिमंडल से मिलने वाले कांग्रेस सदस्यों ने भी दोहराया। इंडिया कॉकस के सह-अध्यक्ष, डेमोक्रेट प्रतिनिधि रो खन्ना ने एक्स पर पोस्ट किया, 22 अप्रैल के हमलों के लिए जिम्मेदार आतंकवादी समूहों को खत्म करने के महत्व पर अमेरिका-भारत ने चर्चा की÷, पहलगाम में 26 निर्दोष लोग मारे गए थे। रिपब्लिकन सीनेटर डेव मैककॉर्मिक ने एक्स पर कहा कि सीनेट की विदेश संबंध समिति के सदस्यों के साथ बैठक में,



÷हमने अमेरिका और भारत के बीच साझा मूल्यों, आतंकवाद से लड़ने और सत्तावादी राज्यों के खिलाफ़ प्रतिरोध पर चर्चा की, साथ ही आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वतंत्र और लोकतांत्रिक भविष्य के निर्माण के लिए अपने आर्थिक संबंधों का विस्तार किया। मैककॉर्मिक दक्षिण एशिया, मध्य एशिया और आतंकवाद प्रतिरोध पर सीनेट की विदेश संबंध उपसमिति के प्रमुख हैं। प्रतिनिधि ग्रेगरी मीक्स, जो सदन की विदेश मामलों की समिति के शीर्ष डेमोक्रेट हैं, उन्होंने थरूर को विदेश मामलों पर भारत की संसदीय स्थायी समिति के अध्यक्ष के रूप में बधाई दी। उन्होंने एक्स पर कहा, मैंने और मेरे सहयोगियों ने पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले पर संवेदना व्यक्त की तथा अमेरिका-भारत साझेदारी के प्रति कांग्रेस की प्रतिबद्धता की पुनः पुष्टि की। थरूर ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, मोटे तौर पर कहें तो हम बातचीत की गुणवत्ता और रुचि के स्तर से बहुत प्रसन्न होकर लौटे हैं। वाशिंगटन आने से पहले, टीम थरूर ने गुयाना, पनामा, कोलंबिया और ब्राजील का दौरा किया था।

# शुभमन बोले, बल्लेबाजी क्रम को लेकर अभी कोई फैसला नहीं किया

**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के नये कप्तान शुभमन गिल ने इंग्लैंड दौरे से पहले बातचीत के दौरान कहा कि अनुभवी बल्लेबाज रोहित शर्मा और विराट कोहली के नहीं होने से टीम पर दबाव होगा पर ये नई बात नहीं है क्योंकि हर दौरे में दबाव होता है। उन्होंने माना कि इन दो दिग्गजों की कमी पूरी करना संभव नहीं है पर टीम में शामिल सभी खिलाड़ी दबाव के बीच खेलने के आदी हैं। वहीं शुभमन ने बल्लेबाजी क्रम को लेकर कहा कि इसका फैसला इंग्लैंड में ही होगा। उन्होंने बताया कि हमने अभी तक बल्लेबाजी क्रम को लेकर कोई अंतिम फैसला नहीं किया है। हम लंदन में 10 दिन के कैंप के बाद आपस में ही एक मुकाबला खेलेंगे। उसी के बाद ये तय होगा। साथ ही कहा कि वहां जाकर हम बल्लेबाजी संयोजन भी तय करेंगे। इससे साफ है कि वह हालातों के अनुसार काम करना चाहते हैं।

वहीं कप्तानी की जिम्मेदारी मिलने को लेकर शुभमन ने कहा कि इससे मैं अभिभूत हूं। उन्होंने कहा, मेरी कोई खास शैली नहीं है। जैसे-जैसे मुझे अनुभव मिलेगा, मेरी अपनी शैली निकलकर सामने आएगी। मैं खिलाड़ियों के साथ बातचीत कर फैसले लेना चाहता हूं। मेरे लिए खिलाड़ियों के साथ बंधन बनाना सबसे जरुरी है। इसके साथ ही उनकी कमजोरियों को समझना और उन्हें सुरक्षित महसूस कराना भी जरूरी है, जिससे वे अपना 100 फीसदी दे सकें। वहीं ड्यूक बॉल से खेलने को लेकर कहा कि यह व्यक्तिगत पसंद है। खिलाड़ियों की पहली प्राथमिकता अपनी टीम के लिए खेलना है। कुछ खिलाड़ी ड्यूक बॉल के साथ सहज हो सकते हैं पर ये उनकी पसंद पर निर्भर करता है। शुभमन का यह बयान दिखाता है कि वह खिलाड़ियों को अपने अनुसार खेलने की आजादी देने और उनकी ताकत को प्रोत्साहित करने पर जोर देते हैं। इससे तय है कि शुभमन एक ऐसी टीम बनाना चाहते हैं, जहां खिलाड़ी बिना किसी दबाव के अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहते हैं।



# गुकेश ने चीन के वेई यी को हराया, कार्लसन के साथ खिताब के दावेदार बने



**स्टावेंजर (नॉर्वे) (एजेंसी)।** मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश ने नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के नौवें दौर में चीन के वेई यी को हराकर तीन अंक हासिल किए और नॉर्वे के स्टार मैग्नस कार्लसन के साथ खिताब के लिए शीर्ष दावेदार बन गए। अब जब कि केवल एक दौर की बाजी खेली जानी बाकी है तब गुकेश 14.5 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं, जबकि पांच बार के विश्व चैंपियन कार्लसन छह खिलाड़ियों के डबल राउंड-रॉबिन टूर्नामेंट में उनसे केवल आधा अंक आगे हैं। कार्लसन ने हारने की स्थिति से वापसी करते हुए अमेरिकी ग्रैंडमास्टर फैबियानो कारूआना को हराया और पूरे अंक हासिल किए। अंतिम दौर में गुकेश का मुकाबला कारूआना से, जबकि कार्लसन का मुकाबला भारत के एक अन्य खिलाड़ी अर्जुन एरिगैसी से होगा। दोनों ही खिताब और 69,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि जीतकर अपनी श्रेष्ठता साबित करना चाहेंगे। अमेरिका के एक अन्य खिलाड़ी हिकारू नाकामुरा के 13 अंक हैं और उनके पास भी खिताब जीतने का मौका है। नाकामुरा ने एरिगैसी को आर्मागेडन टाई-ब्रेक में हराया। भारतीय खिलाड़ी के 11.5 अंक हैं। महिला वर्ग में दो बार की विश्व रैपिड चैंपियन कोनेरू हम्पी काले मोहरों से खेलते हुए चीन की लेई टिंगजी से हार गई। हम्पी अब 13.5 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं, जबकि यूक्रेन की अन्ना मुजीचुक ने चीन की विश्व चैंपियन जू वेनजुन (12.5) को हराकर भारतीय खिलाड़ी पर दो अंकों की बढ़त ले ली है। प्रतियोगिता में भाग ले रही भारत की एक अन्य खिलाड़ी आर वैशाली (9.5) स्पेन की सारा खादेम (09) से हार गईं।

# पीयूष चावला ने संन्यास लिया



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लेग स्पिनर पीयूष चावला ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया है। इसी के साथ ही पीयूष का दो दशक तक चला करियर समाप्त हो गया है। पीयूष ने सोशल मीडिया के जरिये अपने संन्यास की जानकारी साझा की है। इस क्रिकेटर ने सोशल मीडिया में लिखा, दो दशक से ज्यादा समय तक मैदान पर रहने के बाद अब समय आ गया है कि मैं इस खूबसूरत खेल को विराम दूं। साथ ही कहा कि, 2007 टी20 विश्व कप और 2011 एकदिवसीय विश्वकप की विजेता टीम का हिस्सा रहना उनके लिए गर्व की बात रही है और ये यादें हमेशा उनके दिल में बनी रहेंगी।

उन्होंने कहा कि आईपीएल उनके करियर का एक अहम हिस्सा रहा है। साथ ही कहा, मैं उन सभी फ्रेंचाइजियों का दिल से आभारी हूं जिन्होंने मुझ पर भरोसा किया। पंजाब किंग्स, कोलकाता नाइट राइडर्स, चेन्नई सुपर किंग्स और मुंबई इंडियंस की ओर से आईपीएल में खेले हर पल का मैंने आनंद लिया है। आईपीएल में चावला का करियर बेहद सफल रहा। उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ 2012 और 2014 में दो बार खिताब जीता। उन्होंने आईपीएल में कुल 192 विकेट लिए और वह सुनील नरेन के साथ संयुक्त रूप से तीसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे हैं।

अपने कोचों और परिवार को याद करते हुए इस क्रिकेटर ने लिखा, मैं अपने कोचों ( के.के. गौतम और स्वर्गीय श्री पंकज सरस्वत) के प्रति गहरा आभार प्रकट करता हूं, जिन्होंने मुझे यहां तक पहुंचने के काबिल बनाया।साथ ही उन्होंने अपने परिवार को अपनी ताकत बताया और अपने दिवंगत पिता को श्रद्धांजलि देते हुए कहा, उनका मुझ पर विश्वास ही वह रौशनी थी जिसने मुझे राह दिखाई। उनके बिना यह यात्रा संभव नहीं हो पाती। चावला ने अपने करियर को याद करते हुए कहा, मैंने लगभग 20 साल क्रिकेट को दिए हैं। यह एक लंबा और यादगार सफर रहा है। ऊपर वाले की कृपा रही कि मैं इतने लंबे वक्त तक क्रिकेट खेल सका। यह सफर कभी बेहद चुनौतीपूर्ण रहा, तो कभी बेहद सुकून देने वाला पर इसके हर पल ने मुझे बहुत कुछ सिखाया और बहुत कुछ दिया। ये वो यादें हैं जो हमेशा ही मेरे साथ बनी रहेंगी।

# अगले छह माह में भारतीय टीम पांच टीमों से खेलेगी

**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम को अगले छह माह का कार्यक्रम काफी व्यस्त है और उसे पांच टीमों से 9 सीरीज खेलनी है। इसकी शुरुआत 20 जून से इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज से होगी। इस सीरीज में पांच टेस्ट मैच खेले जाएंगे। ये भारत और इंग्लैंड की पहली सीरीज होगी इससे दोनो ही टीमों का विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) चक्र भी शुरु होगा। ये टेस्ट सीरीज 4 अगस्त तक चलेगी। इसके बाद भारतीय टीम बांग्लादेश के दौरे पर जाएगी, जहां 3 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय और 3 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की सीरीज खेलनी है। इस प्रकार 6 महीने में 9 सीरीज होंगी।



इसके बाद एशिया कप 2025 का कार्यक्रम है हालांकि अभी इसकी तारीखें घोषित नहीं की गयी हैं। भारतीय टीम का बांग्लादेश का दौरा 17 अगस्त से शुरू होकर 31 अगस्त तक चलेगा। इसके बाद भारतीय टीम घर पर दो मैचों की टेस्ट सीरीज में वेस्टइंडीज से खेलेगी। इसके तहत 2 अक्तूबर से 14 अक्तूबर तक दो टेस्ट मैच होंग। इसके बाद भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाएगी। इसमें भारतीय टीम को 19 अक्तूबर से 8 नवंबर तक 3 एकदिवसीय और 5 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की सीरीज खेलनी है। इसके बाद भारतीय टीम 14 नवंबर से 19 दिसंबर तक दक्षिण अफ्रीका से 2 टेस्ट, 3 एकदिवसीय और 5 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की सीरीज की मेजबानी करेगी।

**टीम का कार्यक्रम इस प्रकार है**

20 जून से 4 अगस्त इंग्लैंड दौरा 5 टेस्ट

17 से 31 अगस्त बांग्लादेश दौरा 3 एकदिवसीय और 3 टी20द्ध

2 से 14 अक्टूबर वेस्टइंडीज की मेजबानी 2 टेस्ट

19 अक्टूबर से 8 नवंबर ऑस्ट्रेलिया दौरा 3 एकदिवसीय और 5 टी20

14 नवंबर से 19 दिसंबर दक्षिण अफ्रीका की मेजबानी 2 टेस्ट, 3 एकदिवसीय और 5 टी20

# न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के नये कोच होंगे वॉल्टर



नई दिल्ली । न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने दक्षिण अफ्रीका की सीमित ओवरों की टीम के पूर्व कोच रॉब वॉल्टर को गैरी स्टीड की जगह पर टीम का नया मुख्य कोच बनाया है। बोर्ड ने वॉल्टर को तीनों ही प्रारुपों के लिए कोच की जिम्मेदारी दी है। अभी तक मुख्य कोच रहे स्टीड ने हाल ही में इस्तीफा दे दिया था। वॉल्टर का अनुबंध अगले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) चक्र 2027 तक रहेगा। वह विश्व कप, 2026 और 2028 में आयोजित होने वाले अगले दो टी20 विश्व कप और साथ ही 2028 लॉस एंजिल्स ओलिंपिक खेलों तक कोच रहेंगे। वाल्टर के ही कोच रहते हुए दक्षिण अफ्रीका की टीम साल 2023 एकदिवसय विश्व कप और 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल के साथ-साथ 2024 टी20 विश्व कप के फाइनल तक पहुंची थी। वॉल्टर जुलाई में जून के मध्य में अपना पदभार संभालेंगे। रॉब वॉल्टर का परिवार न्यूजीलैंड में ही रहता है। ऐसे में अब उन्हें अपने परिवार के साथ रहने का भी अवसर मिल जाएगा जबकि दक्षिण अफ्रीका का कोच रहने के दौरान उन्हें अलग रहना पड़ता था। वह न्यूजीलैंड के घरेलू क्रिकेट में भी कोच रहे हैं। वह ओटागो वोल्ट और सेंट्रल स्टैज्स के कोच रहे हैं और उन्होंने 2022-23 में फॉर्ड ट्रॉफी और प्लंकेट शील्ड जीती थी। वॉल्टर ने साल 2022 में भारत दौरे पर न्यूजीलैंड ए टीम की भी कप्तानी की थी।

# विराट कोहली ने सिर्फ 18 साल इंतजार किया, तेंदुलकर का इंतजार और भी लंबा था : सहवाग

**मुम्बई । (एजेंसी)।** विराट कोहली का IPL ट्रॉफी के लिए लंबा इंतजार मंगलवार रात को खत्म हुआ जब रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने पंजाब किंग्स को 6 रनों से हराकर खिताब अपने नाम किया। RCB के स्टार खिलाड़ी 2008 में लीग की शुरुआत से सिर्फ RCB जुड़े हैं और खिताब का सूखा खत्म करने में उन्हें 18 साल लग गए। लेकिन भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग का मानना है कि तेंदुलकर का विश्व कप ट्रॉफी जीतने का इंतजार और भी लम्बा था और फिर भी उन्होंने कभी उम्मीद नहीं खोई।



सहवाग ने एक क्रिकेट वेबसाइट से कहा, 'उन्होंने (कोहली ने) ट्रॉफी जीतने के लिए केवल 18 साल इंतजार किया। सचिन तेंदुलकर ने 1989 से 2011 तक इंतजार किया। इसलिए, कोहली को कम इंतजार करना पड़ा और फिर भी सचिन ने कभी उम्मीद नहीं खोई। उन्होंने मन बना लिया था कि वह विश्व कप ट्रॉफी को अपने हाथ में लेकर ही रहेंगे।'

सहवाग ने कहा कि कोहली जब भी कोई फैसला करेंगे, तो उन्हें 'राहत' मिलेगी और वे बिना किसी पछतावे के संन्यास ले सकते हैं। पूर्व सलामी बल्लेबाज ने कहा, 'विराट कोहली के लिए भी यही बात है। अब, वह राहत महसूस कर सकते हैं। वह जब चाहें आईपीएल खेलना बंद कर सकते हैं। एक खिलाड़ी ट्रॉफी जीतने के लिए खेलता है। पैसा आता है और जाता है, लेकिन ट्रॉफी जीतना आसान नहीं है। भले ही कोहली का इंतजार खत्म हो गया हो, लेकिन उन्होंने अभी भी उनके अभियान में बहुत मजबूत योगदान दिया है।'

गौर हो कि RCB ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 190 रन बनाए। इसके जवाब में उतरी पंजाब किंग्स का सफर रोलर कोस्टर वाला है और अंत में टीम को 6 रन से खिताबी मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा।

# इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में तीन मैचों में ही उतारे जाएंगे बुमराह : गंभीर



मुम्बई । भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा है कि इंग्लैंड दौरे में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह तीन टेस्ट मैच खेलेंगे। गंभीर के अनुसार अभी ये तय नहीं है कि बुमराह किन तीन मैचों में खेलेंगे। साथ ही कहा कि ये काफी हद तक उनके सीरीज के परिणामों पर निर्भर करेगा। गंभीर के अनुसार बुमराह खेलने को लेकर बेहद उत्साहित हैं पर उनकी फिटनेस का ध्यान रखते हुए उनपर जरुरत से ज्यादा बोझ नहीं डाला जाएगा। गंभीर ने कहा कि भारतीय टीम के पास ऐसे काफी गेंदबाज हैं, जो कठिन हालात में भी टीम को जीत दिला सकते हैं। इसलिए बुमराह को हर मैच में उतारना जरुरी नहीं है। गंभीर ने बुमराह की प्रशंसा करते हुए कहा कि हमारे पास कई तेज गेंदबाज शानदार फॉर्म में हैं। साथ ही कहा कि जब आपके पास बुमराह जैसा गेंदबाज हो, तो यह देखना शानदार होगा कि वह कितने मैच खेलते हैं। यह हमारे लिए एक विशेष अनुभव होगा। हालांकि, गंभीर ने यह भी माना कि बुमराह की जगह लेना आसान नहीं है पर कहा कि हमारे पास कई योग्य गेंदबाज उपलब्ध हैं। इससे अंदाजा होता है कि इस टीम में गहराई है और वह किसी एक खिलाड़ी पर ही नहीं टिकी हुई है। उन्होंने कहा कि हम एक अच्छी स्थिति में हैं जिससे सभी खिलाड़ी बेहद उत्साहित हैं। यह कुछ विशेष करने का एक और अवसर है। टेस्ट के पिछले खराब प्रदर्शन से उबरते हुए टीम आगे बढ़ने के लिए तैयार है। कोच के अनुसार टीम के पास कई नई प्रतिभाएं हैं जिनके पास इस सीरीज में अपने को साबित करने का अवसर है।

# आईपीएल के इस सत्र से विराट ने 27 करोड़ से अधिक कमाये

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली इस बार आईपीएल खिताब जीतने में सफल रहे। विराट का इस सत्र में प्रदर्शन काफी अच्छा रहा और उन्होंने 657 रन बनाये। विराट आईपीएल की शुरुआत साल 2008 से ही आरसीबी के साथ हैं। वहीं कमाई की बात करें तो विराट ने इस सत्र से करीब 27 करोड़ रुपये कमाये हैं। विराट कोहली को आरसीबी ने मेगा नीलामी से पहले ही 21 करोड़ रुपये में रिटेन किया था। वह हेनरिक क्लासेन 23 करोड़ के बाद रिटेन होने वाले सबसे महंगे खिलाड़ी थे। आईपीएल में खिलाड़ियों को वेतन के अलावा मैच फीस भी मिलती है। एक मैच खेलने के लिए खिलाड़ी को साढ़े 7 लाख रुपये मिले। इस सत्र में विराट ने ग्रुप राउंड में 13 मुकाबले खेले। इसके अलावा प्लेऑफ में क्वालिफायर-1 और फाइनल खेला। इस तरह उनके कुल 15 मुकाबले हो गए। इसके लिए उन्हें एक करोड़ 12 लाख पचास हजार रुपये की राशि मिली। एक रिपोर्ट के अनुसार आईपीएल इनामी राशि का 30 फीसदी खिलाड़ियों के बीच बांट दिया जाता है। आरसीबी में 22 खिलाड़ी हैं और इस तरह विराट के हिस्से में करीब 27 लाख रुपये आएंगे। वहीं लीग के दौरान इंडोर्समेंट से भी विराट की कमाई करीब 5 करोड़ रुपये हुई। इस तरह आईपीएल 2025 के दौरान विराट ने लगभग 27 करोड़ 40 लाख रुपये कमा लिए। इस प्रकार हर एक मैच के लिए उन्हें एक करोड़ 83 लाख रुपये मिले।



# शुभमन को अपनी बल्लेबाजी पर ध्यान देना होगा : पोंटिंग



नई दिल्ली । ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने कहा है कि भारतीय टेस्ट टीम के नये कप्तान शुभमन गिल को अपनी टेस्ट बल्लेबाजी पर ध्यान देना होगा। शुभमन को इंग्लैंड दौरे के लिए कप्तान बनाया गया है। पोंटिंग के अनुसार उसे उसे बल्लेबाजी क्रम में चौथे नंबर पर उतरना चाहिए। विराट कोहली के संन्यास के बाद चौथे नंबर पर शुभमन के उतरने से लाभ होगा। पोंटिंग ने कहा कि कप्तानी के शुरूआती दौर में शुभमन इस क्रम पर उतर सकते हैं। पोंटिंग ने कहा, 'गिल का सफेद गेंद के प्रारूप में फॉर्म काफी अच्छा पर पर उसे टेस्ट बल्लेबाजी में भी अपवे को साबित करना होगा। साथ ही कहाक कि अगर आप नए कप्तान हैं तो यह आसान नहीं होता। नए कप्तान के लिए अपनी बल्लेबाजी को लेकर सोचना कठिन रहता है। उन्होंने कहा कि भारतीय चयन समिति ने उसे कप्तान बनाकर सही फैसला लिया है। साथ ही कहा कि शुभमन अभी युवा हैं और लंबे समय तक कप्तानी कर सकते है। उन्होंने कहा, 'पिछले सत्र में जब रोहित ने सिडनी टेस्ट नहीं खेलने का फैसला किया तो मेरा ध्यान उन्हें कप्तान बनाने को लेकर गया था पर तब जयप्रीत बुमराह को कप्तानी दे दी गयी थी। बुमराह की फिटनेस को लेकर आशंका थी और उस मैच के दौरान ही वह चोटिल हो गए थे। पोंटिंग ने यह भी कहा कि शुभमन को टेस्ट मैच बल्लेबाजी के लिए मानसिक पक्ष पर काम करना होगा। उन्होंने कहा, 'ऐसे महान टेस्ट बल्लेबाज भी हुए हैं जिनकी रक्षात्मक तकनीक उतनी अच्छी नहीं थी पर वे सफल रहे। इसके लिए आपको अपने स्ट्रोक्स पर नियंत्रण रखना होगा।

# आकाश चोपड़ा ने अपनी सर्वश्रेष्ठ टीम चुनी, शुभमन और पाटीदार को नहीं मिली जगह

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** नई दिल्ली (ईएमएस)। पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने आईपीएल 2025 की अपनी सर्वश्रेष्ठ टीम चुनी है। हैरानी की बात ये है कि चोपड़ा की इस टीम में शुभमन गिल और रजत पाटीदार को जगह नहीं मिली है। गुजरात टाइटंट के कप्तान शुभमन ने जहां आईपीएल में 650 रनों के साथ ही सबसे अधिक रन बनाने वाले चौथे बल्लेबाज हैं। वहीं रजत की कप्तानी में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने पहली बार खिताब जीतने में सफलता हासिल की। चोपड़ा ने अपनी टीम में गुजरात टाइटंस के सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन और आरसीबी में शामिल रहे विराट कोहली को सलामी बल्लेबाज के तौर पर शामिल किया। सुदर्शन ने इस सत्र में सबसे अधिक 759 रन बनाकर ऑरेंज कैप जीती है। वहीं कोहली ने 15 मैचों में 657 रन बनाये हैं और वह सबसे अधिक रनों के मामले में तीसरे नंबर पर हैं। आकाश ने कहा, सबसे पहले मैंने सुदर्शन को अपनी टीम में रखा है।



उसने काफी अच्छी बल्लेबाजी की है। उन्होंने आगे कहा, मेरी टीम में सुदर्शन के साथ विराट होंगे। विराट का प्रदर्शन भी बहुत अच्छा रहा। उन्होंने घर से बाहर ज्यादातर मैचों में अर्धशतक बनाए। उन्होंने जब भी अर्धशतक लगाया तो टीम जीती। उन्होंने अहम भूमिका निभाई। इस साल उनकी बल्लेबाजी में बदलाव भी दिखा। आकाश ने गुजरात के विकेटकीपर बल्लेबाज जोस बटलर 538 रन को तीन और चौथे नंबर पर पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर 604 रन को रखा है। वहीं पांचवें नंबर पर मुंबई इंडियंस के आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को रखा है। सूर्या ने 16 मैचों मे 717 रन बनाए। वह सबसे अधिक रन बनाने वालों की सूची में दूसरे स्थान पर रहे।

आकाश ने छठे नंबर पर डेवाल्ड ब्रेविस को रखा, जिन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) में विकल्पव के रूप में आने के बाद जबरदस्त खेल दिखाया। उन्होंने 6 मैचों में 180.00 के स्ट्राइक रेट से 225 रन बनाये। उनके बाद आरसीबी के ऑलराउंडर क्रुणाल पांड्या का नंबर है। उन्होंने 224 रन बनाने के अलावा 17 विकेट भी लिए। मुम्बई के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने 18 विकेट लिए हैं उन्हें आठवें और चेन्नई के स्पिनर नूर अहमद को 24 विकेट के कारण नौवें पायदान पर रखा है। आरसीबी के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड को 22 विकेट ओर पर्पल कैप विजेता प्रसिद्ध कृष्णा को सबसे अधिक 25 विकेट के लिए 10 वें और 11 वें स्थान पर रखा है।

आकाश चोपड़ा की आईपीएल 2025 की सर्वश्रेष्ठ टीम -साई सुदर्शन, विराट कोहली, जोस बटलर, श्रेयस अय्यर, सूर्यकुमार यादव, डेवाल्ड ब्रेविस, क्रुणाल पांड्या, जसप्रीत बुमराह, नूर अहमद, जोश हेजलवुड, प्रसिद्ध कृष्णा।

# भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज अब सचिन-एंडरसन सीरीज के नाम से जानी जाएगी

मुम्बई । भारत और इंग्लैंड के बीच 20 जून से शुरु होने वाली पांच टेस्ट मैचों की सीरीज सचिन तेंदुलकर और जेम्स एंडरसन के नाम पर होगी। पहले इसका नाम पटौदी ट्रॉफी रखा गया था। वहीं अब इसे भारतीय टीम के महान बल्लेबाज सचिन और इंग्लैंड के महानतम गेंदबाज एंडरसन के नाम पर रखा गया है। तेंदुलकर और एंडरसन ने एक-दूसरे के खिलाफ 14 टेस्ट मैच खेले हैं। एंडरसन ने सबसे अधिक बार तेंदुलकर को आउट किया है। वहीं पहले दोनो देशों के बची इंग्लैंड में खेली गयी टेस्ट सीरीज पटौदी ट्रॉफी के नाम से जानी जाती थी। पटौदी ने 1930 और 40 के दशक में भारत और इंग्लैंड दोनों के लिए खेला जबकि उनके बेटे मंसूर ने 1960 और 70 के दशक में भारत के लिए खेला। इंग्लैंड अंतिम पाटौदी ट्रॉफी में जीत हासिल करने में सफल रही थी। वहीं पिछली बार सीरीज 2-2 से बराबर रही थी। वहीं पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने कहा, 'हाल ही में खबर आई है कि ईसीबी पाटौदी ट्रॉफी को रिटायर करने जा रहा है, जो इंग्लैंड में इंग्लैंड और भारत के बीच टेस्ट सीरीज के विजेताओं को दी जाती है, यह वास्तव में परेशान करने वाली खबर है. यह पहली बार है जब किसी ट्रॉफी का नाम व्यक्तिगत खिलाड़ियों के नाम पर रखा गया है, हालांकि यह फैसला पूरी तरह से ईसीबी का है और बीसीसीआई की इसमें कोई भूमिका नहीं होगी।'



# टीम मीटिंग सिर्फ इस बात पर केंद्रित होती थी कि उसे कैसे आउट किया जाए: रोहित शर्मा

**मुंबई (एजेंसी)।** चेतेश्वर पुजारा को कैसे आउट किया जाए? यह एक ऐसा सवाल था जिस पर रोहित शर्मा और उनके मुंबई के साथी जूनियर क्रिकेट के दिनों में अक्सर चर्चा करते थे क्योंकि उन्हें पता था कि सौराष्ट्र का यह बल्लेबाज दो या तीन दिन की लगातार बल्लेबाजी में उन्हें धूल चटा सकता है। रोहित ने याद दिलाया कि आयु-समूह मैचों में पुजारा का विकेट अक्सर उनकी टीम के लिए जीत या हार का अंतर होता था, यह उस साहसी बल्लेबाज की शुरुआती निशानी थी जिसने 103 टेस्ट मैचों में 43.60 की औसत से 19 शतक और 35 अर्द्धशतक के साथ 7,195 रन बनाए।

रोहित ने पुजारा की पत्नी पूजा की किताब 'द डायरी ऑफ ए क्रिकेटर वाइफ' के लॉन्च के मौके पर कहा, 'मुझे अभी भी याद है, टीम मीटिंग सिर्फ इस बात पर केंद्रित होती थी कि उसे कैसे आउट किया जाए और अगर हम उसे आउट नहीं करते, तो शायद हम मैच हार जाते।' पूर्व भारतीय कप्तान ने मजाक में कहा कि पुजारा के खिलाफ धूप में खेलने के बाद उनका लुक इतना बदल जाता था कि उनकी मां भी थोड़ी परेशान हो जाती थीं।

उन्होंने कहा, 'मुझे बस इतना याद है कि जब मैं 14 साल का था और मैदान पर जाता था और शाम को वापस आता था, तो मेरे चेहरे का रंग बिल्कुल अलग होता था। क्योंकि वह पूरे दिन बल्लेबाजी करता था और हम 2-3 दिन धूप में फील्डिंग करते थे। मुझे अभी भी याद है कि मेरी मां ने मुझसे कई बार पूछा था कि जब तुम घर से खेलने जाते हो, तो तुम अलग दिखते हो और जब तुम एक हफ्ते या 10 दिन बाद घर आते हो, तो तुम अलग दिखते हो। मैं कहता था, 'मां, मैं क्या करूं? चेतेश्वर पुजारा नाम का एक बल्लेबाज है। वह तीन दिनों से बल्लेबाजी कर रहा है... इसलिए हमें उसके बारे में यही पहली धारणा बनी।'

रोहित ने पुजारा को अपने करियर की शुरुआत में दोनों घुटनों में एसीएल (पूर्वकाल क्रूसिएट लिगामेंट) की चोट लगने के बाद 100 से अधिक टेस्ट खेलने का श्रेय दिया। उन्होंने कहा, '(यह) बहुत बड़ी चोट थी (और) इतनी बुरी चोट थी। उसके दोनों एसीएल चले गए थे। किसी भी क्रिकेटर के लिए, अगर आप एथलीट नहीं हैं या कोई खेल नहीं खेल रहे हैं, तो यह बहुत कठिन है, अगर आप अपने दोनों एसीएल खो देते हैं। हम उनकी दौड़ने की तकनीक और इस तरह की अन्य चीजों को लेकर उनका मजाक उड़ाते थे, लेकिन इसके बाद भी वह भारत के लिए 100 से अधिक टेस्ट मैच खेलने में सफल रहे, जिस तरह से उन्होंने इसे प्रबंधित किया, उसका बहुत सारा श्रेय उन्हें जाता है। खेल खेलने के लिए उनमें बहुत समर्पण और जुनून था।'





## रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.91 पर खुला

**रुपया गुरुवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.79 पर बंद हुआ था**

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति के नतीजों से पहले रुपया शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में सीमित दायरे में रहा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में घरेलू मुद्रा में भारी उतार-चढ़ाव देखा गया। रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.91 पर खुला, जो पिछले बंद भाव से 12 पैसे की गिरावट दर्शाता है। हालांकि जल्द ही यह उबर गया और डॉलर के मुकाबले 85.77 पर पहुंच गया। रुपया गुरुवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.79 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.03 प्रतिशत की बढ़त के साथ 98.77 पर रहा।

## गोल्ड लोन नियमों में हुआ बदलाव

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने छोटे कर्ज लेने वालों को राहत देने के उद्देश्य से गोल्ड लोन नियमों में कुछ बदलाव किया है। अब 2.5 लाख तक के गोल्ड लोन पर लोन-टू-वैल्यू (एलटीवी) रेशियो को 75 से बढ़ाकर 85 फीसदी कर दिया गया है। यानी` कि अब सोने के बदले आपको पहले से ज्यादा लोन मिल सकेगा और लोन लेने की प्रक्रिया भी आसान हो गई है। 2.5 लाख तक के गोल्ड लोन पर अब क्रेडिट एप्रेज़ल की जरूरत नहीं होगी। एलटीवी बढ़ाकर 85 फीसदी कर दिया गया है यानी 1 लाख के सोने पर आपको 85,000 तक का लोन मिल सकता है, जबकि पहले केवल 75,000 ही मिलता था।

## सीआरआर में कटौती से बैंकों के पास 2.5 लाख करोड़ अतिरिक्त उपलब्ध होंगे

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) में एक प्रतिशत की भारी कटौती से अर्थव्यवस्था के उत्पादक क्षेत्रों को कर्ज देने के लिए बैंकिंग प्रणाली में 2.5 लाख करोड़ रुपये की अतिरिक्त नकदी उपलब्ध होगी। सीआरआर में 29 नवंबर को समाप्त होने की अवधि में चार बराबर किस्तों में कटौती होगी और यह घटकर तीन प्रतिशत रह जाएगी। यानी` कि वाणिज्यिक बैंकों को नकदी के रूप में तीन प्रतिशत का निचला स्तर बनाए रखना होगा, क्योंकि आरबीआई उन्हें कर्ज देने के लिए अधिक धनराशि रखने की अनुमति देगा। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा` कि भारतीय रिजर्व बैंक, बैंकिंग प्रणाली को पर्याप्त नकदी उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। टिकाऊ नकदी उपलब्ध कराने के लिए, वर्ष के दौरान चरणबद्ध तरीके से नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) को एक प्रतिशत घटाकर शुद्ध मांग और समयबद्ध देयताओं (एनडीटीएल) के तीन प्रतिशत तक कम करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि यह कटौती 0.25 प्रतिशत की चार बराबर किस्तों में की जाएगी। यह छह सितंबर, चार अक्टूबर, एक नवंबर और 29 नवंबर, 2025 से शुरू होने वाले पखवाड़ों से प्रभावी होगी।

## निफ्टी कर रहा है सीमित दायरे में कारोबार

**नई दिल्ली।** कोटक सिक्योरिटीज के डेरिवेटिव्स रिसर्च हेड के अनुसार निफ्टी फिलहाल 24,500 से 25,100 के बीच कारोबार कर रहा है। लंबी अवधि में बाजार में तेजी का रुख अवलंबित है, लेकिन पिछले हफ्तों में ब्रॉडर मार्केट ने निफ्टी को पीछे छोड़ दिया है। आने वाले दिनों में ठहराव का अनुमान लगाया जा रहा है। उन्होंने निफ्टी शॉर्ट स्ट्रैंगल रणनीति की सिफारिश की है, जिसमें 12 जून 2025 की एक्सपायरी के लिए 24,000 का पुट और 25,500 का कॉल ऑप्शन बेचना होगा। इस स्ट्रैटेजी से ट्रेडर को कुल 33.55 अंकों का नेट प्रीमियम इनकम हो सकता है। हालांकि, बाजार में एक निश्चित दायरे में रहने की आवश्यकता है। इस ट्रेंड को ध्यान में रखते हुए पूरा प्रीमियम कमाने का लक्ष्य रखा गया है, जबकि स्टॉप लॉस 65 अंक तय किया गया है।

# ट्रंप के ट्रेड वॉर से भारत समेत कई देशों की उभरती अर्थव्यवस्थाएं दोतरफा दबाव में

**नई दिल्ली।**

अमेरिका का ग्लोबल ट्रेड वॉर फिर तेज़ हो गया है। इस बार यह उभरती अर्थव्यवस्थाओं के सेंट्रल बैंकों के लिए कोविड महामारी से भी बड़ी चुनौती बनता नजर आ रहा है। यह कहना है अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमए) की फर्स्ट डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर का। हाल ही में दिए इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि जब 2020 में कोविड महामारी आई थी तब दुनिया के ज्यादातर सेंट्रल बैंक एक साथ काम कर रहे थे। ब्याज दरें घटाई गई थीं, राहत पैकेज लाए गए थे, लेकिन अब माहौल बदला हुआ है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका और चीन के बीच चल रहे ट्रेड वॉर से बने टैरिफ अलग-अलग देशों को अलग तरह से प्रभावित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस बार चुनौती पहले से भी ज्यादा बड़ी है। कोविड में सभी देश एक जैसी दिशा में आगे बढ़ रहे थे, लेकिन अब असमान असर हो रहा है। अब उभरती अर्थव्यवस्थाएं दोतरफा दबाव में हैं। एक तरफ उन्हें घरेलू मांग को सहारा देने के लिए ब्याज दरें कम करनी पड़ सकती हैं, वहीं दूसरी तरफ अमेरिका में ब्याज दरें ऊंची रहने से डॉलर मजबूत है, जिससे विदेशी निवेश बाहर जा सकता है। ऐसे में भारत जैसे देश ब्याज दरें घटाते हैं तो उनकी करेंसी पर असर पड़ सकता है। आरबीआई की मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी की बैठक हो रही है, जिसमें रेपो रेट को 25 से 50 बेसिस प्वाइंट तक कम करने की उम्मीद जताई जा रही है। यह इस साल की तीसरी कटौती होगी। वहीं अमेरिका का फेडरल बैंक ट्रंप के दबाव में दरें घटाने के मूड में नहीं है। जब तक उसे भरोसा नहीं हो जाता कि टैरिफ से महंगाई नहीं बढ़ेगी, वह किसी रेट कट की संभावना नहीं देखता। इससे ग्लोबल वित्तीय माहौल सख्त हो सकता है और विकासशील देशों की नीति सीमित हो सकती है। एक रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि अगर वैश्विक निवेशकों का भरोसा डगमगाया, तो उभरते बाजारों से पूंजी बाहर जा सकती है। इससे उन देशों की करेंसी पर दबाव और कर्ज़ लेने की लागत बढ़ सकती है।

## मांग कमजोर होने से मई में यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री तीन फीसदी घटी

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर, पंजाब, राजस्थान और गुजरात में युद्ध संबंधी चिंताएं एवं सीमा पर तनाव बढ़ने से ग्राहकों ने खरीदारी में देरी की तथा छोटी कारों की मांग में नरमी आने से मई में यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री में सालाना आधार तीन प्रतिशत की गिरावट आई। वाहन डीलरों के संगठन फाडा ने यह जानकारी दी। वाहन डीलर संघों के महासंघ (फाडा) की ओर से शुक्रवार को जारी बयान के अनुसार पिछले महीने यात्री वाहनों का पंजीकरण 3,02,214 इकाई रहा, जबकि मई 2024 में यह 3,11,908 इकाई रहा था। इसमें कहा गया` कि छोटी कारों की मांग सबसे अधिक प्रभावित हुई है। सीमित वित्तपोषण और कमजोर उपभोक्ता भावना इसकी मुख्य वजह रही। वाहन डीलरों के संगठन के अनुसार मई में दोपहिया वाहनों की खुदरा बिक्री सालाना आधार पर सात प्रतिशत बढ़कर 16,52,637 इकाई हो गई, जबकि एक साल पहले इसी महीने में यह 15,40,077 इकाई थी। वाणिज्यिक वाहनों की खुदरा बिक्री मई में सालाना आधार पर चार प्रतिशत घटकर 75,615 इकाई रह गई, जिसकी वजह माल ढुलाई चक्र में नरमी, नकदी की तंगी और भू-राजनीतिक तनाव रहा।

## सोने के भाव में आई तेजी, चांदी 1 लाख के पार

**सोना 98,350 रुपए, चांदी के भाव लगभग 1,05,600 रुपए**

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के वायदा भाव शुक्रवार को तेजी के साथ कारोबार कर रहे हैं। घरेलू बाजार में चांदी के वायदा भाव तो उच्चतम स्तर पर पहुंच गए। खबर लिखे जाने के समय घरेलू बाजार में सोने के भाव 98,350 रुपये, जबकि चांदी के भाव 1,05,600 रुपये के करीब कारोबार कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोना चांदी तेजी के साथ कारोबार कर रही है। सोने के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क जून कॉन्ट्रेक्ट 374 रुपये की तेजी के साथ 98,248 रुपये के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 97,876 रुपये था। इस समय यह 488 रुपये की तेजी के साथ 98,362 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेज रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क मई कॉन्ट्रेक्ट 873 रुपये की तेजी के साथ 1,05,316 रुपये पर खुला। पिछला बंद भाव 1,04,443 रुपये था। इस समय यह 1,241 रुपये की तेजी के साथ 1,05,584 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। अंतरराष्ट्रीय बाजार में आज सोने चांदी के वायदा भाव तेजी के साथ कारोबार कर रहे हैं। कॉमेक्स पर सोना 3,377.40 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 3,375.10 डॉलर प्रति औंस था। इस समय यह 12.80 डॉलर की तेजी के साथ 3,387.90 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। सोने के वायदा भाव ने इस साल 3,509.90 डॉलर के भाव पर ऑल टाइम हाई छू लिया है। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 35.80 डॉलर के भाव पर खुले। पिछला बंद भाव 35.80 डॉलर था। इस समय यह 0.40 डॉलर की तेजी के साथ 36.20 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 36.26 डॉलर के भाव पर दिन के और इस साल के सर्वोच्च स्तर पर पहुंच गए।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

**मुम्बई।**

भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार को बढ़त पर बंद हुआ। बाजार में ये तेजी दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीददारी हावी होने से आई है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति की आज हुई घोषणा में ब्याज दरों में कटौती से बाजार पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा और उसमें जबरदस्त उछाल आया। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स अंत में सेंसेक्स 747 अंक बढ़कर 82,189 पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी भी 252 अंक ऊपर आकर 25,003 पर बंद हुआ। आरबीआई ने ब्याज दरों में उम्मीद से ज्यादा कमी की जिसे निवेशकों में जबरदस्त उत्साह रहा। रेपो रेट में 25 बेसिस अंकों की कटौती का अनुमान था पर वह 50 बेसिस अंको की हुई। इसके अलावा सीआरआर में कटौती से भी बाजार तटस्थ रहा। बाजार में आज सभी रेट-सेंसिटिव शेयरों में अच्छी तेजी रही। निफ्टी बैंक करीब 1.5 फीसदी बढ़कर बंद हुआ। दिन में ये रिकॉर्ड ऊंचाई पर भी पहुंचा। एसबीआई, पीएनबी, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक सभी में बढ़त रही। निफ्टी रियल्टी में 4 फीसदी से ज्यादा की तेजी रही। वहीं वहीं वाहन और वित्तीय शेयरों में डेढ़ फीसदी तेजी रही। ब्रॉडर मार्केट में भी अच्छी तेजी रही। मिडकैप एक फीसदी से ज्यादा और स्मॉलकैप करीब एक फीसदी ऊपर आया। आज सबसे अधिक लाभ वाले शेयरों में श्रीराम फाइनेंस 5.46 फीसदी, बजाज फाइनेंस 4.90 फीसदी, जे एस स्टील 3.56 फीसदी, एक्सिस बैंक 3.15 फीसदी, मारुत सुजुकी 2.78 फीसदी रहे। दूसरी ओर गिरावट वाले शेयरों में एचडीएफसी लाइफ 0.87, बीईएल -0.66 फीसदी, भारती एयरटेल 0.46 फीसदी व सन फार्मा 0.13 फीसदी रही। इससे पहले आज सुबह सप्ताह के आखिरी कारोबारी` दिन बाजार



सपाट स्तर पर खुलने के बाद लाल निशान में फिसल गए। आरबीआई के रेपो रेट पर फैसले से पहले बाजार में गिरावट देखी गई।

सेंसेक्स लगभग सपाट 81,434.24 अंक पर खुला। खुलते ही यह लाल निशान में फिसल गया। सुबह की शुरुआत के बाद यह 51.91 अंक फिसलकर 81,390.13 पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह निफ्टी भी लगभग सपाट रहते हुए 24,748.70 पर खुला। सुबह शुरुआत के बाद यह 4 अंक की गिरावट लेकर 24,745 पर कारोबार कर रहा था। वहीं एशियाई बाजारों में तेजी देखने को मिली। निवेशकों ने अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रम्प और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच फोन पर बातचीत पर प्रतिक्रिया व्यक्त की। इससे दोनों देशों के बीच व्यापार तनाव कम होने की उम्मीदें फिर से जगी हैं। जापान के निक्केई इंडेक्स में 0.31 फीसदी की वृद्धि हुई। जबकि टोपिक्स में 0.45 फीसदी की वृद्धि हुई। कोस्पी में 1.49 फीसदी की वृद्धि हुई तथा एएसएक्स200 में 0.03 फीसदी की वृद्धि हुई। वॉल स्ट्रीट पर रात भर प्रमुख अमेरिकी इंडेक्स टेस्ला के शेयरों में गिरावट के कारण गिरकर बंद हुए। एसएंडपी 500 में 0.53 फीसदी की गिरावट आई, जबकि नैस्डैक में 0.83 फीसदी की गिरावट आई। डॉव जोन्स में 0.25 फीसदी की गिरावट आई।

# टाटा कैपिटल के आईपीओ को मंजूरी जल्द

**सितंबर 2025 से पहले लिस्टिंग का रास्ता साफ**

**नई दिल्ली।**

टाटा संस की सहायक कंपनी टाटा कैपिटल को अपने करीब 2 अरब डॉलर के आईपीओ के लिए बाजार नियामक सेबी से जल्द मंजूरी मिलने की संभावना है। इस घटनाक्रम से अवगत सूत्रों ने यह जानकारी दी है। सूत्रों का कहना है कि भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने मंजूरी को अंतिम रूप दे दिया है और अगले कुछ हफ्तों में ऑब्जर्वेशन लेटर मिलने की उम्मीद है। इससे टाटा कैपिटल के लिए सितंबर 2025 की समय सीमा से पहले सूचीबद्धता का रास्ता खुल जाएगा। अपर लेयर नॉन-बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनियों (एनबीएफसी) के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने यह समय-सीमा तय कर रखी है। टाटा कैपिटल ने अप्रैल में कॉन्फीडेंशियल रूट के जरिये आईपीओ दस्तावेज जमा कराए थे, जिससे सेबी की मंजूरी मिलने तक यह जानकारी गोपनीय रखी जा सके। अब तक सिर्फ दो कंपनियों ने ही सूचीबद्धता से पहले कॉन्फीडेंशियल फाइलिंग रूट के जरिये आईपीओ के लिए दस्तावेज जमा कराए थे। इनमें फूड डिलिवरी दिग्गज स्विगी और रिटेलर कंपनी विशाल मेगा मार्ट शामिल हैं। यदि इसे तेजी से मंजूरी मिल जाती है तो यह किसी मेगा आईपीओ के लिए सबसे जल्द हरी झंडी में से एक हो सकती है। मंजूरी के बाद एनबीएफसी को एक अपडेटेड ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (यूडीआरएचपी) जमा कराना होगा। आईपीओ से पहले यूडीआरएचपी को कम से कम तीन सप्ताह तक सार्वजनिक डोमेन में रखना होगा। कंपनी के आईपीओ में फ्रेश इश्यू और टाटा संस समेत मौजूदा शेयरधारकों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) शामिल होने की संभावना है। अनलिस्टेड जोन के अनुसार




अनलिस्टेड बाजार में टाटा कैपिटल का शेयर 1,075 रुपये के आसपास कारोबार कर रहा है। आईपीओ की समय-सीमा और अन्य जानकारी के बारे में टाटा कैपिटल और सेबी को भेजे गए ईमेल का अभी तक कोई जवाब नहीं मिला है।

## रिजर्व बैंक ने महंगाई दर के अनुमान को घटाकर 3.7 प्रतिशत किया

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए अपने महंगाई दर के अनुमान को चार प्रतिशत से घटाकर 3.7 प्रतिशत कर दिया है। केंद्रीय बैंक को उम्मीद है कि जिंसों की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में कमी के साथ मुख्य मुद्रास्फीति नरम बनी रहेगी। चार प्रतिशत से कम औसत खुदरा मुद्रास्फीति का यह अनुमान हाल के वर्षों में सबसे कम है। केंद्रीय बैंक ने शुक्रवार को चालू वित्त वर्ष की दूसरी द्विमासिक मौद्रिक समीक्षा पेश करते हुए कहा कि अनुकूल पूर्वानुमान के बावजूद, वह मौसम संबंधी अनिश्चितताओं और वैश्विक स्तर पर जिंस की कीमतों पर पड़ने वाले प्रभाव के साथ शुल्क संबंधी चिंताओं को लेकर सतर्क रहेगा। अप्रैल में अपनी मौद्रिक नीति घोषणा में आरबीआई ने वित्त वर्ष 2025-26 में खुदरा मुद्रास्फीति के औसतन चार प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि सामान्य मानसून के मद्देनजर वित्त वर्ष 2025-26 के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति के अब 3.7 प्रतिशत पर रहने का अनुमान है। इसके अप्रैल-जून तिमाही में 2.9 प्रतिशत, जुलाई-सितंबर तिमाही में 3.4 प्रतिशत, अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 3.9 प्रतिशत और जनवरी-मार्च तिमाही में 4.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है। खुदरा मुद्रास्फीति अप्रैल में घटकर 3.16 प्रतिशत पर आ गई है, जो इसका छह साल का निचला स्तर है।

# चिप्स और इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण को बढ़ावा देने सेज के नियमों में बड़ी छूट

**भारत को विश्व में तकनीकी विनिर्माण हब के रूप में स्थापित करने में मदद मिलेगी**

**नई दिल्ली।**

केंद्र सरकार ने सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक घटकों के उच्च तकनीक विनिर्माण को प्रोत्साहन देने के लिए विशेष आर्थिक क्षेत्रों (एसईजेड) के नियमों में जरूरी संशोधन किए हैं।

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा हाल ही में जारी की गई अधिसूचना के अनुसार अब इन क्षेत्रों में निवेश करने वाली इकाइयों के लिए न्यूनतम भूमि की आवश्यकता 50 हेक्टेयर से घटाकर मात्र 10 हेक्टेयर कर दी गई है।

सरकार द्वारा सेज नियमों में यह ढील इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर उद्योगों के लिए निवेश को आकर्षित करने और उत्पादन बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

इससे न केवल उच्च तकनीक क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा बल्कि भारत को विश्व में तकनीकी विनिर्माण हब के रूप में स्थापित करने में मदद मिलेगी। यह राहत मुख्य रूप से सेमीकंडक्टर, डिस्प्ले मॉड्यूल सब-असेंबली, प्रिंटेड सर्किट बोर्ड, लिथियम-आयन बैटरी सेल, मोबाइल और आईटी हार्डवेयर घटक, हियरेबल्स और वियरेबल्स सहित उच्च तकनीक विनिर्माण इकाइयों के लिए लागू होगी।

सरकार का उद्देश्य इन अत्याधुनिक तकनीकी क्षेत्रों में निवेश को बढ़ावा देना और देश में चिप्स तथा इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन को मजबूत करना है। विशेष आर्थिक क्षेत्र (संशोधन) नियम, 2025 के तहत ये बदलाव 15 जून, 2021 से प्रभावी हो चुके हैं। इस कदम से छोटे एवं मध्यम उद्योगों को भी सेज क्षेत्र में आने में मदद मिलेगी क्योंकि भूमि की कम आवश्यकताओं के कारण अधिक उद्यम इस योजना का लाभ उठा पाएंगे। इस संशोधन से भारत में घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा मिलेगा और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में देश की भागीदारी मजबूत होगी।

# यूजर्स को मिलेगा एक्सचैट से मेसेजेस का नया अनुभव



**नई दिल्ली।**

अपने सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म एक्स पर एलन मस्क ने एक नया मैसेजिंग फीचर एक्सचैट रोलआउट करने की घोषणा की है। मस्क ने बताया कि एक्सचैट को 'रस्ट' बेस्ड बिटकॉइन-स्टाइल एन्क्रिप्शन तकनीक पर विकसित किया गया है, जो एक नया और सुरक्षित आर्किटेक्चर प्रदान करता है। यह नया चैटिंग सिस्टम एन्क्रिप्शन, वैनिशिंग मेसेजेस और किसी भी प्रकार की फाइल भेजने जैसे उन्नत फीचर्स के साथ आ रहा है। एक्सचैट की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यूजर बिना फोन नंबर के ऑडियो और वीडियो कॉल कर सकते हैं और यह सुविधा सभी प्लैटफॉर्म्स पर काम करेगी। फिलहाल कंपनी इस फीचर को एक्स के पेड सब्सक्राइबर्स के लिए अर्ली एक्सेस में उपलब्ध करा रही है। रिपोर्ट्स के अनुसार, एक्सचैट में भविष्य में ग्रुप चैट्स, मेसेज को अनरीड छोड़ने का विकल्प और बेहतर प्राइवेसी के लिए चार अंकों वाला पिन कोड जैसी सुविधाएं भी जोड़ी जा सकती हैं। यह कदम मस्क के एक्स को एक प्राइवेसी-फोकस्ड एव्हरीथिंग एप बनाने की दिशा में एक अहम प्रयास माना जा रहा है। कंपनी की ओर से यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि एक्सचैट मौजूदा डायरेक्ट मैसेजिंग (डीएम) सिस्टम को पूरी तरह से रिप्लेस करेगा या नहीं।

लेकिन माना जा रहा है कि डीएम को एक्सचैट से बदला जा सकता है। एक्सचैट फिलहाल बीटा वर्जन में है और जल्द ही सभी यूजर्स के लिए उपलब्ध कराया जा सकता है। हालांकि मस्क ने यह स्पष्ट नहीं किया कि बिटकॉइन-स्टाइल एन्क्रिप्शन का तकनीकी रूप से क्या मतलब है, लेकिन इससे संकेत मिलते हैं कि यूजर्स को पहले से अधिक सुरक्षित और प्राइवेट मैसेजिंग का अनुभव मिलने वाला है।

# आरबीआई ने रेपो रेट में की 50 बेसिस पॉइंट्स की कटौती

**ब्याज दरों में कटौती से होमलोन और ऑटोलोन सहित सभी कर्ज होंगे सस्ते**

**नई दिल्ली।**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को रेपो रेट को 50 बेसिस पॉइंट्स कटौती की घोषणा कर दी। इसी के साथ रेपो रेट घटकर 5.50 फीसदी हो गई है। कैश रिजर्व रेश्यो (सीआरआर) 4 फीसदी से घटाकर 3 फीसदी कर दिया गया है। आरबीआई ने पॉलिसी रूख अकोमडटिव से बदलकर न्यूट्रल किया। इससे पहले फरवरी 2025 और अप्रैल 2025 में रेपो रेट में 0.25-0.25 फीसदी की कटौती की गई थी, जिसके बाद ये घटकर 6.00 फीसदी पर पहुंच गया था। ब याज दरों में कटौती का असर आम लोगों की रिटेल लोन की मंथली किस्त (ईएमआई) पर पड़ेगा। इसी के साथ आरबीआई ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए जीडीपी ग्रोथ के अनुमान को 6.5 फीसदी पर बरकरार रखा है। वहीं चालू वित्त वर्ष में रिटेल महंगाई दर के अनुमान को 4 फीसदी से घटाकर 3.7 फीसदी कर दिया गया है। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि एमपीसी ने लिक्विडिटी एडजस्टमेंट सुविधा के तहत पॉलिसी रेपो रेट को 50 आधार अंकों से घटाकर 5.5 फीसदी करने का फैसला किया है। यह तत्काल प्रभाव से लागू होगा। इसके साथ ही स्थायी जमा सुविधा दर 5.25 फीसदी पर समायोजित हो जाएगी। मार्जिनल स्टेंडिंग फैसिलिटी दर और बैंक दर 5.75 फीसदी पर समायोजित हो जाएगी। गवर्नर ने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था नाजुक बनी हुई है। वैश्विक चिंताओं के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूती, स्थिरता और अवसर प्रस्तुत करती है। उन्होंने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था बहुत तेज गति से बढ़ रही है। हम अपने विकसित भारत के विजन को और भी तेजी से आगे बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। भारतीय अर्थव्यवस्था निवेशकों को अपार अवसर प्रदान करती है। वैश्विक स्तर पर टैरिफ संबंधी चिंताओं के टलने से अनिश्चितताएं कुछ कम हुई हैं। देश के एग्रीकल्चर और इंडस्ट्री प्रोडक्शन में मजबूती बनी हुई है, जबकि निजी खपत में भी तेजी देखी जा रही है। शहरी क्षेत्रों में मांग में सुधार के संकेत मिले हैं और निवेश की रफ्तार में भी बढ़त देखने को मिल रही है। सर्विस सेक्टर में उल्लेखनीय तेजी बनी हुई है, हालांकि निर्यात के मोर्चे पर अब भी चिंता बरकरार है।

# एथर एनर्जी की रिज्टा बनी सबसे ज्यादा बिकने वाली इलेक्ट्रिक स्कूटर

**नई दिल्ली।**

एथर एनर्जी कंपनी का फैमिली-फ्रेंडली मॉडल इलेक्ट्रिक स्कूटर एथर रिज्टा ने लॉन्च के महज एक साल में 1 लाख यूनिट्स की बिक्री पार कर ली है। बिक्री का यह आंकडा इस स्कूटर को अब तक का सबसे ज्यादा बिकने वाला इलेक्ट्रिक स्कूटर बनाता है।अप्रैल 2024 में लॉन्च होकर जुलाई 2024 से डिलीवरी शुरू हुई इस स्कूटर ने 10 महीनों में 99,691 यूनिट्स की बिक्री से फैमिली उपयोग के लिए लोकप्रियता का नया रिकॉर्ड बनाया। मई 2025 की शुरुआत में 309 और यूनिट्स के साथ यह आंकड़ा 1 लाख से ऊपर पहुंच गया। एथर रिज्टा को विशेष रूप से आराम, प्रैक्टिकलिटी और परिवारों की जरूरतों को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है, जबकि कंपनी के पुराने मॉडल जैसे 450एक्स और 450एस अधिकतर स्पोर्टी सेगमेंट में लोकप्रिय थे। वित्तीय वर्ष 2024-25 में एथर की कुल बिक्री में रिज्टा ने सबसे बड़ा योगदान दिया है, जिसमें इसने 89,639 यूनिट्स बेचकर 58प्रतिशत हिस्सेदारी बनाई। इसके बाद 450एक्स ने 44,391 यूनिट्स की बिक्री और 28 प्रतिशत बाजार हिस्सा हासिल किया, जबकि 450एस ने 18,999 यूनिट्स बेचकर 12प्रतिशत हिस्सेदारी बनाई। एथर रिज्टा ने टीवीएस आईक्यूब, बजाज चेतक और हीरो विडा जैसे इलेक्ट्रिक स्कूटर्स को कड़ी टक्कर दी है।



## हर्षवर्धन दीवानियत के अंतिम शेड्यूल के लिए तैयार

अभिनेता हर्षवर्धन राणे अपनी फिल्म एक दीवाने की दीवानियत के आखिरी शेड्यूल की शूटिंग के लिए पूरी तरह तैयार हैं। शूटिंग अगले हफ्ते से शुरू हो जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने जुलाई में राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक ओमंग कुमार के साथ अपनी अगली सोलो फिल्म शुरू करने को लेकर भी उत्साह जताया है। हर्षवर्धन राणे ने इंस्टाग्राम पर अपनी दो तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें वह स्विमिंग पूल के पास खड़े नजर आ रहे हैं। इन तस्वीरों में वह सफेद बिना बाजू की शर्ट, काली कार्गो पैंट और सनग्लास पहने हुए हैं। वह इन कपड़ों में काफी स्टाइलिश दिख रहे हैं। हर्षवर्धन ने लिखा, अगले हफ्ते दीवानियत की आखिरी शूटिंग चरण का इंतजार है और एक महीने बाद राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक ओमंग कुमार सर के साथ अपनी अगली एकल फिल्म शुरू करने को लेकर बहुत उत्साहित हूं। आज शाम तक और जानकारी दूंगा!

अगर बात करें 'एक दीवाने की दीवानियत' की तो इस फिल्म में हर्षवर्धन राणे के साथ सोनम बाजवा भी नजर आएंगी। यह फिल्म दशहरे पर रिलीज की जाएगी। 27 मई को फिल्म का पोस्टर जारी किया गया था, जिसमें मुख्य जोड़ी के बीच गहरी भावना और केमिस्ट्री दिखाई गई थी। यह फिल्म प्यार, भावनाओं और ड्रामा से भरी कहानी का वादा करती है। अभिनेताओं ने इंस्टाग्राम पर फिल्म का पोस्टर साझा करते हुए कैप्शन में लिखा, 2 अक्टूबर 2025, गांधी जयंती और दशहरे के मौके पर सिनेमाघरों में दिखेगी मोहब्बत, नफरत और एक दीवाने की दीवानियत की कहानी! यह फिल्म प्यार, जुनून और दिल टूटने जैसी गहरी भावनाओं को दिखाती है। अगर ओमंग कुमार की इस आने वाली फिल्म की बात करें, तो इसमें सादिया खतीब और करण वीर मेहरा भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। ओमंग कुमार दमदार फिल्में बनाने के लिए जाने जाते हैं, और हर्षवर्धन की जबरदस्त अभिनय शैली के साथ यह फिल्म एक शानदार सिनेमाई अनुभव का वादा करती है। उम्मीद है कि फिल्म की शूटिंग इस साल के अंत तक शुरू हो जाएगी। इस फिल्म को ओमंग कुमार के साथ मिलकर उमेश के.आर. बंसल, प्रगति देशमुख, हिमांशु तिवारी, अजय सिंह, धनंजय सिंह, अभिषेक अंकुर और कैप्टन राहुल बाली प्रोड्यूस कर रहे हैं। वहीं राहत शाह काजमी इस फिल्म के सह-निर्माता हैं। हर्षवर्धन ने अपने करियर की शुरुआत 2007-2008 में टेलीविजन शो लेफ्ट राइट लेफ्ट में एक छोटे से रोल से की थी।




## मिस वर्ल्ड का मिशन सिर्फ तारीफ बटोरना नहीं, समाज में बदलाव लाना भी है

पूर्व मिस वर्ल्ड मानुषी छिल्लर ने खिताब जीतने से लेकर मिस वर्ल्ड मंच पर जज बनने तक के अपने शानदार सफर के बारे में बातचीत की। अभिनेत्री का मानना है कि मिस वर्ल्ड का मिशन सिर्फ तारीफ बटोरना नहीं है, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाना भी है। अभिनेत्री ने बताया, 'ब्यूटी विद ए पर्पस' मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता का मूल मंत्र है, यानी सिर्फ बाहरी सुंदरता नहीं, बल्कि एक बड़े मकसद के लिए काम करना। वह बताती हैं कि जब वह 20 साल की थीं, तब उन्होंने इस मंच पर हिस्सा लिया था। उनके पास एक सपना और एक प्रोजेक्ट था, जिसे उन्होंने वहां पेश किया। 'ब्यूटी विद ए पर्पस' ही मिस वर्ल्ड की आत्मा है। यहां जितने भी लोग आते हैं, उनकी आंखों में भी सपने होते हैं।

प्रतियोगिता से जुड़ी बातों को शेयर करते हुए उन्होंने बताया, आज भी मुझे वो शब्द याद हैं कि 'क्या अंधेरे में एक दीया जलाना, बिल्कुल न देखने से बेहतर नहीं है? मैं बस यही कहना चाहती हूं कि यही मिस वर्ल्ड का मिशन है। जब हम इन सभी अद्भुत महिलाओं को मंच पर देखते हैं, तो गर्व होता है। वे केवल प्रशंसा के लिए नहीं आई हैं। वे यहां बदलाव की चिंगारी जलाने आई हैं। उन्होंने बताया, मिस वर्ल्ड का मिशन यही है कि ये प्रतियोगी सिर्फ तारीफ बटोरने नहीं आतीं, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए काम करती हैं। वे अपने विचारों और प्रोजेक्ट्स के जरिए दुनिया में एक नई रोशनी फैलाने की कोशिश करती हैं। मानुषी छिल्लर ने साल 2017 में मिस वर्ल्ड का खिताब जीता था। उन्होंने फेमिना मिस इंडिया 2017 प्रतियोगिता में हरियाणा का प्रतिनिधित्व किया, जहां उन्होंने फेमिना मिस इंडिया वर्ल्ड का ताज जीता। मानुषी ने पीरियड ड्रामा 'सम्राट पृथ्वीराज' से अभिनय जगत में डेब्यू किया था, जिसमें उन्होंने संयोगिता का किरदार निभाया था। इसके बाद वह कॉमेडी-ड्रामा 'द ग्रेट इंडियन फैमिली' और एक्शन ड्रामा 'बड़े मियां छोटे मियां' में दिखाई दीं। मानुषी छिल्लर 'तेहरान' समेत कई अपकमिंग प्रोजेक्ट्स का हिस्सा हैं।

## अगले साल अक्टूबर में आएगी अजय देवगन स्टारर दृश्यम 3



जय देवगन इन दिनों फिल्म रेड 2 की सफलता का जश्न मना रहे हैं। उनकी यह फिल्म पहले दिन से ही बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है। आने वाले समय में अजय एक से बढ़कर एक फिल्मों में नजर आएंगे। अब उनकी क्राइम थ्रिलर फ्रेंचाइज दृश्यम की तीसरी किस्त का ऐलान हो गया है, जिसके निर्देशन की कमान जाने-माने निर्देशक अभिषेक पाठक ने संभाली है। इसके साथ फिल्म की रिलीज डेट भी सामने आ गई है।

अजय और अभिषेक की यह फिल्म अगले साल गांधी जयंती के अवसर पर यानी 2 अक्टूबर 2026 को दर्शकों के बीच आएगी। अजय बड़े परदे पर एक बार फिर विजय सलगांवकर के रूप में वापसी करने के लिए तैयार हैं। रिपोर्ट्स की मानें तो इस फिल्म की स्क्रिप्ट पर काम जारी है। दृश्यम 3 की शूटिंग शुरू करने से पहले अजय दे दे प्यार दे 2, धमाल 4 और रेंजर की शूटिंग पूरी करेंगे। दे दे प्यार दे 2 की शूटिंग तो पिछले काफी समय से जारी है। बता दें कि इस फिल्म में अजय के साथ रकुल प्रीत सिंह भी लीड रोल में हैं।

## जिंदगी में कभी भी बिग बॉस का नहीं हिस्सा नहीं बनूंगी



टीवी एक्ट्रेस चाहत खन्ना पिछले कुछ समय से लगातार अपने इंटरव्यू को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। इंटरव्यू में वो खुलकर कास्टिंग काउच और पैसे नहीं मिलने जैसे मुद्दे पर बात कर रही हैं। अब चाहत ने सलमान खान के शो बिग बॉस को लेकर कहा कि वो उस शो का कभी हिस्सा नहीं बनेंगी। हाल ही में एक इंटरव्यू में उनसे पूछा गया कि अगर उन्हें बिग बॉस से ऑफर आए तो वो शो में जाएंगी? इस सवाल के जवाब में चाहत कहती हैं- बिग बॉस का ऑफर तो हर साल एक्टर्स को आता है। शायद कभी कोई हां बोले दे लेकिन मैं तो कभी ना जाऊं। मुझे मौका मिले तो कुएं में कूद जाऊं लेकिन बिग बॉस में नहीं जाऊंगी। मैं जानती हूं वो कितना षडयंत्र रचकर बैठे हैं। मेरे पास्ट की धज्जियां उड़ा देंगे। अगर खाने को पैसे नहीं हुए तो मैं कहीं जॉब कर लूंगी लेकिन जिंदगी में कभी बिग बॉस नहीं जाऊंगी।

चाहत की करियर की बात करें तो वो बड़े अच्छे लगते हैं और कबूल हैं जैसे हिट शो क हिस्सा रही हैं। हालांकि, अब वो कम ही छोटे पर्दे पर नजर आती हैं। इसके पीछे की वजह एक्ट्रेस ने बताया कि कोई उनके साथ काम नहीं करना चाहता है। उन्होंने इंडस्ट्री में तलाक को लेकर बन चुकी सोच को लेकर बात की। उन्होंने कहा कि बहुत से लोग उनके साथ काम नहीं करना चाहते हैं। बता दें कि एक्ट्रेस का दो बार तलाक हो चुका है। उनकी पहली शादी ज्यादा लंबी नहीं चली थी। महज 4 महीने के अंदर ही उन्होंने तलाक ले लिया था। फिर उन्होंने अपनी जिंदगी की नई शुरुआत की और दोबारा शादी की, लेकिन वह शादी भी लंबे समय तक नहीं चली और तलाक हो गया। चाहत कहती हैं कि तलाक और सेपरेशन कभी भी आसान नहीं होते, खासकर तब जब बच्चे हों।



## ओटीटी से आज भी दूरी बनाए हुए हैं ये सितारे, डिजिटल डेब्यू को लेकर नहीं दिखाई दिलचस्पी


मनोरंजन की दुनिया में ओटीटी एक बड़ा प्लेटफॉर्म बनकर उभरा है। कितने ही सितारे जो बड़े परदे पर गुमनाम रहे, ओटीटी ने उन्हें सुपरस्टार बना दिया। कई नामी सितारे भी बड़े उत्साह के साथ ओटीटी फिल्मों में काम कर रहे हैं। मगर, कई सितारे ऐसे हैं, जो अब भी ओटीटी से कोसों दूर हैं।

### जॉन अब्राहम


अभिनेता जॉन अब्राहम अब तक ओटीटी से दूर हैं। यहां डेब्यू को लेकर उन्हें कोई दिलचस्पी भी नहीं। हाल ही में उन्होंने इस बारे में बात करते हुए साफ कहा कि वे बड़े परदे के एक्टर हैं। जॉन का कहना है, मेरे दिमाग में, मुझे लगता है कि मैं बड़े पर्दे के लिए बना हूं। उन्होंने कहा, मैं अभी वेब सीरीज नहीं करना चाहता। हालांकि, इसमें कोई दोराय नहीं कि अगर बढ़िया कहानी मिलती है, जो मुझे वाकई में पसंद आएगी, तो मैं वेब सीरीज जरूर बनाऊंगा। एक्टर के वर्क फ्रंट की बात करें तो वे राकेश मारिया की बायोपिक कर रहे हैं।

### सलमान खान-आमिर खान





बॉलीवुड के भाईजान सलमान खान भी ओटीटी से दूर हैं। वे सिनेमाघरों के बादशाह बने हुए हैं। इसी तरह बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान भी डिजिटल प्लेटफॉर्म से दूर हैं। इनके ओटीटी डेब्यू की कोई जानकारी नहीं हैं। हालांकि, अब तक ओटीटी से दूर रहे शाहरुख खान ओटीटी डेब्यू करने वाले हैं। वे अपने बेटे आर्यन द्वारा निर्देशित सीरीज में नजर आएंगे, ऐसी खबर है।



### अमिताभ बच्चन

सदी के महानायक अमिताभ बच्चन बड़े परदे के शहंशाह हैं। ओटीटी पर भी उनके डेब्यू का दर्शक इंतजार कर रहे हैं। मगर, बिग बी ने इस प्लेटफॉर्म से अब तक दूरी बना रखी है। देखना दिलचस्प होगा कि वे कब इस प्लेटफॉर्म पर डेब्यू करते हैं।

### सोनू सूद

सोनू सूद का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। हालांकि, बतौर निर्माता वे डिजिटल प्लेटफॉर्म पर डेब्यू कर चुके हैं। मगर, बतौर एक्टर उन्होंने अभी ओटीटी का रुख नहीं किया है।



## 'हीरामंडी' के बाद अध्ययन सुमन के लिए नहीं खुले दरवाजे

**संजय लीला भंसाली की वेब सीरीज 'हीरामंडी' से मिली जबरदस्त तारीफ के बाद भी इंडस्ट्री का वैसा साथ ना मिलना, जैसा उम्मीद थी लेकिन अध्ययन सुमन ने हार नहीं मानी। अमर उजाला डिजिटल से बातचीत में उन्होंने अपने संघर्ष, फैसलों और फिल्मों के बजट की हकीकत से पर्दा उठाया। जानिए कैसे उन्होंने मुश्किलों का सामना किया और इंडस्ट्री के हालात पर क्या कहा।**

'सच कहूं तो, मुझे लगा था 'हीरामंदी' के बाद सब कुछ बदल जाएगा। इतना प्यार और तारीफ मिली, मेरे सीन भी खूब वायरल हुए, लेकिन इंडस्ट्री से वैसा रिस्पॉन्स नहीं मिला जैसा मैंने सोचा था। अब एक साल से ऊपर हो गया है, लेकिन आज तक मुझे वो फिल्में नहीं मिलीं जो मिलनी चाहिए थीं। ये बात दिल को थोड़ा चुभती है। जब दिल से मेहनत करो और ऑडियंस भी तुम्हें पसंद करे, तो उम्मीद होती है इंडस्ट्री भी साथ देगी। इस साल मेरी तीन फिल्में हैं। दो वो जो पहले से शूट हुई थीं और एक नया प्रोजेक्ट जो 'हीरामंदी' के बाद साइन किया है। वो खास है। लेकिन सच कहूं तो फोन कॉल्स कम हो गए हैं, दरवाजे कम खुले हैं, मिलने वाले कम हुए हैं। ये मेरे लिए बड़ा सच सामने आना जैसा है।'

### कभी ऐसा लगा कि सब कुछ छोड़ दूं?

'हां, एक दिन ऐसा जरूर आया जब लगा कि सब खत्म हो गया। लेकिन उसी दिन मैंने मन बनाया कि जो लोग मेरी हार देखना चाहते हैं, उन्हें मौका नहीं दूंगा। मैंने अपने सबसे मुश्किल वक्त से खुद को निकाला। मेरे लिए सफलता पैसे या हिट-फ्लॉप नहीं है। सफलता है- ईमानदार रहना, चाहे वक्त कैसा भी हो। मैं खुद को आज दुनिया का सबसे सफल इंसान मानता हूं क्योंकि मैं टूटा, लेकिन चलता रहा। काम मिलता रहे, यही दुआ है मेरी।'

क्या आपके पिता, शेखर सुमन जी ने कभी आपके करियर के फैसलों में दखल दिया?

'जब मैंने पापा से कहा था कि मैं 'हाल-ए-दिल' से डेब्यू करना चाहता हूं, तो उन्होंने कहा, 'ये तुम्हारे लिए सही शुरुआत नहीं है। मैं तुम्हें लॉन्च नहीं कर सकता क्योंकि मेरे पास पैसे नहीं हैं। लेकिन अगर तुम करना चाहते हो, तो ये फैसला तुम्हारा है। बाद में आकर रोना मत और जब मैं फिल्म के सेट पर पहुंचा, पहला फोन पापा को किया था। मैंने कहा, 'पापा, ये मेरी जिंदगी का सबसे बड़ा गलत फैसला है। तो पापा बोले, अब तू कूद चुका है समुंदर में, तो खुद तैरना पड़ेगा। प्रोड्यूसर ने पैसे लगा दिए हैं, अब पीछे हटना मुश्किल है। मैं उन्हीं की वजह से आज भी मजबूत हूं क्योंकि उन्होंने मुझे कभी स्पेशल ट्रीटमेंट नहीं दिया, बल्कि मेरी लड़ाई खुद लड़ने दी।'

### कभी लगा कि कुछ फैसले जल्दीबाजी में कर लिए?

'सच कहूं, 'हाल-ए-दिल' साइन करने के बाद आज भी सोचता हूं कि इतनी जल्दी क्यों कर लिया। न्यू यॉर्क फिल्म एकेडमी से डायरेक्शन का कोर्स किया था, बस जल्दी काम शुरू करना चाहता था। उस वक्त कोई खास रोल नहीं देखा, बस काम करना था। अब सोचता हूं कि इंतजार कर सकता था, कोई बेहतर कहानी या रोल मिलने का इंतजार कर सकता था। पर वही गलती मुझे तोड़ा और फिर मजबूत भी बनाया।'

### बीच में की गई फिल्मों के बारे में क्या सोचते हैं?

कुछ फिल्में ऐसी भी कीं, जिन्हें दिल से नहीं करना चाहिए था। 2014 की एक फिल्म थी, मुझे पता था ये सही नहीं है, लेकिन काम नहीं मिलता था, तो इंसान डेस्परेट हो जाता है। जो भी मौका मिलता, पकड़ लेना पड़ता था। लेकिन अब वो दौर खत्म हो चुका है। अब मैं सिर्फ वही काम करूंगा जिसमें दिल और आत्मा हो, मजबूरी नहीं। कोई ऐसा पल जो हमेशा दिल में बस गया हो - जब आपके पापा ने गर्व से आपको देखा हो? शायद पहली फिल्म में नहीं, लेकिन एक खास मौका था, जब भंसाली साहब ने मेरे पापा को फोन किया था। मेरे लिए वो पल बहुत खास था।

### आजकल फिल्मों के बजट 500 से 1000 करोड़ तक पहुंच गए हैं, क्या इंडस्ट्री को इतना फायदा हो रहा है?

'असलियत ये है कि बड़े बजट का आधा हिस्सा एक्टर्स, उनके स्टाफ और मैनेजमेंट में चला जाता है। मेकअप आर्टिस्ट और टीम को इतना पैसा मिलता है कि असली प्रोडक्शन, स्क्रिप्ट और सिनेमैटोग्राफी पर कम पड़ जाता है। इसलिए कई फिल्में उम्मीद के मुताबिक सफल नहीं हो पातीं। अगर पैसा सही जगह, जैसे स्क्रिप्ट और तकनीशियनों पर लगाया जाए, तो नतीजे बेहतर हो सकते हैं। फिलहाल इंडस्ट्री घाटे में है और बिजनेस सही नहीं चल रहा। नए टैलेंट को मौके मिलते हैं, लेकिन वे कम हैं, जबकि कई बार एक ही शख्स को कई फ्लॉप प्रोजेक्ट्स के बाद भी मौका मिलता रहता है। ये एक बड़ा मुद्दा है, जिस पर इंडस्ट्री को सोचने की जरूरत है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in